तापमान
अधिकतम 34 डिग्री
न्यूनतम 21 डिग्री

हरिभूमि
# सरगुजा-कोरिया भूमि

बिलासपुर, शनिवार, 3 जनवरी 2026

[ अम्बिकापुर | सूरजपुर | बलरामपुर | विश्रामपुर | लखनपुर | रामानुजगंज ]

2 हरिभूमि की पत्रकारिता लोकतंत्र की सशक्त आवाजः मोहित



## खबर संक्षेप

### एकीकृत किसान पोर्टल में संशोधन की अंतिम तिथि 7 तक

**अंबिकापुर।** एकीकृत किसान पोर्टल में पंजीयन के उपरांत भी कृषकों को फसल/रकबा संशोधन संबंधी समस्या आने के कारण राज्य शासन द्वारा कृषकों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए फसल/रकबा विवरण संशोधन की सुविधा उपलब्ध कराई गई है। जिस हेतु समस्त सहकारी समितियों के समिति लॉगिन में कृषकों के फसल/रकबा विवरण संशोधन की सुविधा दिनांक 7 जनवरी तक प्रदान की गई है। कृषक बंधु धान विक्रय हेतु आवश्यक फसल/रकबा सुधार हेतु संबंधित सहकारी समिति से सुधार करा सकते हैं।

### गणतंत्र दिवस समारोह की पूर्व तैयारी हेतु बैठक 12 को

**अंबिकापुर।** आगामी 26 जनवरी को आयोजित होने वाले गणतंत्र दिवस समारोह की पूर्व तैयारियों के संबंध में कलेक्टर अजीत वसंत की अध्यक्षता में जिला अधिकारियों की बैठक का आयोजन किया गया है। यह बैठक दिनांक 12 जनवरी को समयसीमा बैठक के पश्चात कलेक्टोरेट कार्यालय के सभाकक्ष में संपन्न होगी। बैठक में गणतंत्र दिवस समारोह के सफल एवं व्यवस्थित आयोजन हेतु आवश्यक तैयारियों, दायित्वों के निर्धारण एवं समन्वय संबंधी विषयों पर चर्चा की जाएगी। संबंधित समस्त जिला अधिकारियों की उपस्थिति बैठक में अनिवार्य रखी गई है।

### लापरवाही पर आंबा कार्यकर्ता एवं सहायिका पर हुई कार्रवाई

**अंबिकापुर।** बाल विकास परियोजना उदयपुर अंतर्गत सेक्टर डांडगांव के आंगनबाड़ी केन्द्र चारपारा-सलवा एवं डांडगांव बाजारपारा के सम्बंध में प्राप्त शिकायत की जांच हेतु महिला एवं बाल विकास विभाग के जिला कार्यक्रम अधिकारी जेआर प्रधान द्वारा केन्द्र का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान आंगनबाड़ी केन्द्र चारपारा-सलवा में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता उपस्थित पाई गईं परन्तु केन्द्र में एक भी हितग्राही उपस्थित नहीं पाए गए। जिला कार्यक्रम अधिकारी द्वारा कार्यकर्ता को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया। इसी प्रकार आंगनबाड़ी केन्द्र डाडगाव हरिजनपारा बाजारपारा के निरीक्षण के दौरान केन्द्र बंद पाया गया, साथ ही कार्यकर्ता एवं सहायिका केन्द्र में उपस्थित नही पाई गई। ग्रामीणों ने बताया कि कार्यकर्ता नियमित रूप से केन्द्र नही आती है। आंगनबाड़ी कार्यकर्ता द्वारा रेडी टू ईट फूड एव गर्म भोजन भी नियमित प्रदाय नहीं किया जाता है। आंगनबाड़ी केन्द्र मे मिलने वाली रेडी टू ईट फूड एवं गर्म भोजन की सामग्री को कार्यकर्ता अपने घर पर रखती हैं। ग्रामीणों द्वारा बताया गया कि आंगनबाड़ी सहायिका बच्चों को बुलाने नहीं जाती हैं। निरीक्षण के दौरान शिशुवती महिला से भी चर्चा की गयी। महिला द्वारा बताया गया कि उन्हें नियमित रूप से पर्याप्त मात्रा में रेडी टू ईट प्राप्त नही होता है। 6 माह से 3 वर्ष के बच्चों के अभिभावकों से भी चर्चा की गयी, उनके द्वारा बताया गया कि उनके बच्चों के लिए भी रेडी टू ईट नहीं मिलता है। उक्त शिकायतों के आधार पर आंगनबाड़ी केन्द्र की कार्यकर्ता को पद से पृथक करने की कार्रवाई की जा रही है एवं आंगनबाड़ी सहायिका को चेतावनी पत्र तथा सेक्टर सुपरवाईजर को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है।

### यात्री बस की टक्कर से बाइक सवार घायल, अपराध दर्ज

**अम्बिकापुर।** शंकरगढ़ थाना अंतर्गत ग्राम बादा निवासी कपिल देव आ. लक्ष्मण राम (28 वर्ष) 22 दिसंबर को बाइक क्रमांक सीजी 30 डी 6894 से कुसमी प्याज का पौधा बेचने आ रहा था। जैसे ही ग्राम करकली सोनारपारा के समीप पहुंचा तभी कुसमी की ओर से आ रहे यात्री बस क्रमांक सीजी 15 डीएच 2296 का चालक लापरवाही पूर्वक चलाते हुए टक्कर मार दी जिससे बाइक सवार कपिल देव के अलावा एक अन्य बाइक सवार घायल हो गया। रिपोर्ट पर पुलिस ने यात्री बस के चालक के विरूद्ध धारा 125(ए), 281 के तहत अपराध दर्ज किया है।

## एनएमसी के मानक अनुरूप 150 सीटों की मान्यता हेतु दी गई स्वीकृति

# मेडिकल कॉलेज में फैकल्टी की कमी दूर करने मिली 50 अतिरिक्त पदों की स्वीकृति

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

फैकल्टी की कमी से जूझ रहे राजमाता श्रीमती देवेन्द्र कुमारी सिंहदेव शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय को शासन से एक बड़ी राहत मिली है। प्रदेश सरकार ने मेडिकल कॉलेज के लिए 50 अतिरिक्त फैकल्टी के पदों की स्वीकृति प्रदान कर दी है। मेडिकल कॉलेज में पद सृजन के बाद अब प्रशासकीय स्वीकृति मिलते ही भर्ती की प्रक्रिया शुरू की जाएगी जिससे आने वाले दिनों में शिक्षण के साथ ही चिकित्सकीय गुणवत्ता में भी सुधार हो सकेगा। पद सृजन की स्वीकृति मिलने से प्रबंधन में भी उत्साह का माहौल है।

**खास बात**

■ वर्ष 2019 से चल रही थी प्रक्रिया

बता दें कि राजमाता श्रीमती देवेन्द्र कुमारी सिंहदेव शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय स्थापना के बाद से ही फैकल्टी की कमी से जूझ रहा है। मेडिकल कॉलेज में एमबीबीएस की 125 सीटों की मान्यता के अनुसार पूर्व में मेडिकल कॉलेज अस्पताल में फैकल्टी के लिए 132 पदों की स्वीकृति दी गई थी और स्वीकृत पद की तुलना में मेडिकल कॉलेज प्रोफेसर, एसोसिएट प्रोफेसर, असिस्टेंट प्रोफेसर, एसआर, जेआर की कमी बनी रही। इस दौरान कॉलेज में एमबीबीएस की सीटों को 150 करने की प्रक्रिया भी चली और एनएमसी द्वारा मेडिकल कॉलेज में फैकल्टी की कमी को दूर करने के निर्देश लगातार दिए जा रहे थे। कॉलेज प्रबंधन द्वारा वर्ष 2019 से ही शासन को फैकल्टी की कमी को दूर करने के हेतु पद स्वीकृति का प्रस्ताव भेज रहा था लेकिन शासन ने पदों की स्वीकृति नहीं दी। ऐसे में नेशनल मेडिकल कमीशन ने विगत वर्ष फैकल्टी की कमी के कारण ही मेडिकल कॉलेज पर जुर्माना लगा दिया था और 3 लाख रुपए का जुर्माना जमा करने के बाद कॉलेज प्रबंधन को एमबीबीएस की 125 सीटों पर प्रवेश की अनुमति मिल पाई थी। कॉलेज पर जुर्माना लगाए जाने के बाद कॉलेज प्रबंधन और शासन स्तर पर फैकल्टी की कमी को दूर करने के लिए एक बार फिर से कवायद तेज की गई और अब प्रदेश सरकार ने मेडिकल कॉलेज को 150 सीटों की मान्यता के लिए 50 अतिरिक्त फैकल्टी के पद सृजित करने की अनुमति प्रदान कर दी है इस सम्बन्ध में शासन से नवंबर में ही आदेश जारी कर दिए गए थे लेकिन अब जाकर इसकी प्रक्रिया पूर्ण हो पाई है।



| पद का नाम | पूर्व सेटअप | नवीन स्वीकृत | कुल पद | एनएमसी मानक | कमी |
|---|---|---|---|---|---|
| प्राध्यापक | 19 | 02 | 21 | 19 | 0 |
| सह-प्रा. | 26 | 07 | 33 | 40 | 7 |
| सहा.- प्रा. | 39 | 10 | 49 | 55 | 6 |
| एसआर | 24 | 30 | 54 | 58 | 4 |
| ट्यूटर | 24 | 0 | 24 | 32 | 8 |
| कुल योग | 132 | 49 | 181 | 204 | 25 |

### सर्वाधिक सीनियर रेजिडेंट के 30 पद स्वीकृत

राजमाता श्रीमती देवेन्द्र कुमारी सिंहदेव शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय को शासन की ओर से कुल 49 नवीन पद स्वीकृत किए गए है। शासन की ओर से कॉलेज में प्रोफेसर के 2, एसोसिएट प्रोफेसर के 7, असिस्टेंट प्रोफेसर के 10, सीनियर रेजिडेंट के 30 पद स्वीकृत किए गए है। इनमें सबसे अधिक एसआर के 30 पद सृजित किए गए है। नए सीनियर रेजिडेंट के पदों की स्वीकृति से सरगुजा जैसे ग्रामीण और आदिवासी बाहुल्य क्षेत्र को सीधा लाभ मिलेगा। विशेषज्ञों की संख्या बढ़ने से स्थानीय जनता को अब गंभीर रोगों के उपचार के लिए रायपुर या बड़े महानगरों की ओर नहीं जाना पड़ेगा। इसके साथ ही मेडिकल कॉलेज में शैक्षणिक गुणवत्ता में भी सुधार आएगा।

### मिल गई है स्वीकृति

स्वास्थ्य मंत्री की पहल पर शासन से मेडिकल कॉलेज को फैकल्टी के अतिरिक्त 50 पदों की स्वीकृति मिल गई है। अब प्रशासकीय स्वीकृति मिलने के बाद भर्ती की प्रक्रिया शुरू की जाएगी। फैकल्टी की कमी दूर होने से शैक्षणिक के साथ ही स्वास्थ्य गुणवत्ता में भी सुधार होगा।

**-डॉ. अविनाश मेश्राम**
अधिष्ठाता

### अभी भी 25 पदों की कमी

मेडिकल कॉलेज में भले ही शासन ने फैकल्टी के 50 पदों की स्वीकृति प्रदान कर दी गई है लेकिन इसके बाद एनएमसी के मानक अनुसार फैकल्टी की कमी बनी हुई है। एमबीबीएस की 150 सीटों के अनुसार देखे तो मेडिकल कॉलेज में एसोसिएट प्रोफेसर के लिए कुल 40 पद चाहिए लेकिन फिलहाल स्वीकृत पदों की संख्या 33 ही है और कॉलेज में एसोसिएट प्रोफेसर के 7 पद कम है। इसी तरह असिस्टेंट प्रोफेसर के 55 पद चाहिए लेकिन वर्तमान में कुल 49 पद स्वीकृत किए गए है और मानक के अनुरूप 6 पद कम है। इसी तरह एसआर के 58 पदों की जरूरत है लेकिन वर्तमान में 54 पद स्वीकृत है और 4 पदों की कमी है वहीं जेआर के 32 पदों की जरूरत है जबकि शासन से 24 पद स्वीकृत हुए है और 8 पदों की कमी है। बड़ी बात यह है कि स्वीकृत 181 पदों की तुलना में वर्तमान में लगभग 80 से 90 फैकल्टी ही कार्यरत है और कॉलेज में फैकल्टी की कमी बड़े पैमाने पर बनी हुई है।



# यूपी से धान खपाने आ रहे थे तस्कर पुलिस ने पकड़कर भेजा जेल

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

बलरामपुर जिले में तस्करों के खिलाफ कार्रवाई का सिलसिला जारी है। इस बीच पुलिस ने एक बार फिर से आधा दर्जन तस्करों को गिरफ्तार कर फिर से जेल भेजा गया है। तस्कर यूपी का धान खपाने के लिए लेकर आ रहे थे। बताया जा रहा है कि बीती रात तस्कर व कोचिया पिकअप क्रमांक यूपी 64 सीटी 0199 से धान लेकर छत्तीसगढ़ आ रहे थे।

■ ग्रामीणों ने घेरा तो करने लगे विवाद, छुड़ाने आए सहयोगियों पर भी कार्रवाई

इस दौरान पचावल क्षेत्र में ग्रामीणों ने तस्करों को घेर लिया जिसके बाद तस्कर ग्रामीणों से विवाद करने लगे। ऐसे में सूचना मिलने के बाद सनावल पुलिस टीम मौके पर पहुंची। इस दौरान पुलिस ने पिकअप और 60 बोरी धान को जब्त करने के साथ ही आरोपियों को हिरासत में लिया गया। इस दौरान कोचियों को पहचान यूपी के बभनी सागोबांध निवासी श्रवण कुमार, कृष्ण मोहन कुमार, विनय कुमार गुप्ता, राजदेव गुप्ता, राधेश्याम गुप्ता, सत्यदेव गुप्ता, मनोज कुमार, सनावल त्रिशूली निवासी विकास व पचावल निवासी विन्ध्याचल गुप्ता के रूप में की गई। जांच के दौरान अन्तर्राज्यीय गिरोह द्वारा तस्करी किए जाने के मामले में पुलिस ने श्रवण, कृष्णमोहन एवं विकास को आवश्यक वस्तु अधिनियम की धारा 3,7 के तहत प्राथमिकी दर्ज कर कार्रवाई की है तथा विनय गुप्ता, राजदेव गुप्ता, राधेश्याम गुप्ता, मनोज गुप्ता को बीएनएस की धारा 170,126,135 (3) के तहत जेल भेजा गया है। वहीं विवाद के दौरान धान छुड़ाने आए सहयोगी विंध्याचल गुप्ता एवं सत्यदेव गुप्ता पर बीएनएस की धारा 126,135 (3) भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता के तहत प्रतिबंधात्मक कार्रवाई की गई है।

थाना प्रभारी श्री भारद्वाज ने बताया कि अवैध रूप से धान की तस्करी करने के मामले में आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया है इसके साथ ही इस मामले की जांच चल रही है। वहीं धान लोड पिकअप वाहन और 60 बोरी अवैध धान को भी जब्त किया गया है।

# ओवरटेक, तेज गति, शराब बन रही लोगों की मौत का कारण

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

शुक्रवार को सरगुजा में सड़क सुरक्षा माह की शुरुआत की गई। इस दौरान कलेक्टर, एसएसपी ने जागरूकता रथ को हरीझंडी दिखाकर रवाना किया। यह जागरूकता रथ गांव-गांव व मोहल्लों में जाकर लोगों को यातायात नियमों के पालन हेतु जागरूक करेगा।

■ एक साल में 302 लोगों की हुई मौतें, यातायात नियमों का पालन करने चलाया जागरूकता अभियान

बता दें कि सड़क दुर्घ्टनाओन और मौतों की संख्या में कमी लाने के लिए प्रतिवर्ष यातायात जागरूकता अभियान चलाया जाता है। इस बार भी अभियान की शुरुआत 1 जनवरी से की गई है। सड़क सुरक्षा माह को लेकर घड़ी चौक पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान कलेक्टर अजीत वंसत ने बताया कि यातायात सुरक्षा हेतु आम नागरिकों में जागरूकता, कानून मानने की प्रवित्ति का भी बड़ा योगदान होता है। पिछले वर्ष के आंकड़ों से पता चलता है कि सरगुजा जिले में सड़क दुर्घटनाओं और मौतों में कमी आई है। आगे इस प्रयास को और भी ज्यादा बढ़ाएंगे। सड़क दुर्घटना की मुख्य वजह निर्देशों का पालन नहीं करना है। नागरिकों के व्यवहार में परिवर्तन और जागरूकता की आवश्यकता है सिर्फ कार्रवाई और कानून से इसका समाधान नहीं हो सकता। हमारा प्रयास है कि लोगों को नियमों के पालन को लेकर जिम्मेदारी का एहसास हो। एसएसपी राजेश अग्रवाल ने बताया कि यातायात सड़क सुरक्षा माह 1 से 31 जनवरी तक चलेगा। अभियान के तहत माह भर दुर्घटनाओं में कमी लाने और मौतों के आंकड़ों को कम करने लोगों को जागरूक करने का प्रयास करेंगे। उन्होंने बताया कि बीते वर्ष की तुलना में इस वर्ष यातायात नियमों का पालन करने से सड़क दुर्घटना में होने वाली मृत्यु दरों में कमी आयी है जिसकी समीक्षा के आधार पर सड़क दुर्घटनाओं के मुख्य 5 कारण जिनमे दोपहिया वाहन में 3 सवारी, बिना हेलमेट के वाहन चलाना, ओवरस्पीड में वाहन चलाना, शराब पीकर वाहन चलाना एवं ओवरटेक करने से दुर्घटना होना पाया गया है। कार्यक्रम के अंत यातायात नियमों की जानकारी देने हेतु तैयार की गई राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह वर्ष 2026 जागरूकता रथ एवं मोटरसाइकिल रैली को कलेक्टर सरगुजा अजीत वसंत एवं एसएसपी राजेश अग्रवाल, द्वारा हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इसके साथ ही सीएसपी राहुल बंसल, सहायक आयुक्त क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी विनय सोनी, नवा विहान नशा मुक्ति अभियान के संयोजक मंगल पांडेय, समन्वयक अनिल कुमार मिश्रा, पर्वतारोही जितेन्द्र प्रताप, दिव्या राजवाड़े, आंचल गुप्ता शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय अंबिकापुर की 12 वीं की छात्राएं द्वारा वाहन चलाते समय यातायात नियमों का पालन करने प्रेरणा दिया। एएसपी अमोलक सिंह ढिल्लो ने आभार प्रदर्शन किया।




जागरूकता रैली को हरीझण्डी दिखाकर रवाना करते कलेक्टर व एसपी।

### एक साल में 598 दुर्घटनाएं

कार्यक्रम के दौरान यह बात सामने आई कि सरगुजा जिले में पुलिस प्रशासन चलाए गए अभियान व कार्रवाई के कारण सड़क दुर्घटनाओं के साथ ही मौतों में कमी आई है। वर्ष 2024 में सरगुजा में 614 सड़क दुर्घटनाएं हुई जिमें 354 लोगों ने अपनी जान गवाई। वहीं वर्ष 2025 में जिले में 598 दुर्घटनाएं हुई है जिनमें मरने वालों की संख्या 302 है। इसके साथ ही जिले में यातयात नियमों की अवहेलना करने वालों पर कुल 5 हजार 738 कार्रवाई की गई है।

# विक्षोभ के प्रभाव से हो सकती है बूंदाबादी, तीन दिनों बाद कोहरे के साथ पड़ेगी कड़ाके की ठंड

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

उत्तर भारत में सक्रिय पछुआ विक्षोभ के प्रभाव से ठंड से कुछ राहत है। न्यूनतम पारा में वृद्धि होने के साथ ही आसमान पर मध्यम ऊंचाई के बादलों की आवाजाही भी शुरू हो गई है। मौसम विज्ञानी विक्षोभ के प्रभाव से कहीं-कहीं बूंदाबादी होने एवं विक्षोभ के कमजोर पड़ते ही फिर से शीतलहर का प्रकोप होने की संभावना जता रहे हैं।

■ पारा में वृद्धि होने से ठंड से राहत

उतर भारत में एक के बाद एक लगातार पछुआ विक्षोभ सक्रिय हो रहे हैं लेकिन पहली बार ठंड में ताकतवर विक्षोभ सक्रिय हुआ है जिसका सरगुजा में व्यापक असर देखा जा रहा है। उत्तर भारत में विक्षोभ के सक्रिय होने के साथ ही पिछले तीन दिनों से न्यूनतम पारा में क्रमशः वृद्धि हो रही है। पारा में हुई वृद्धि जनवरी के प्रारंभ में ही बसंत ऋतु के आगमन का भ्रम पैदा कर रही है। मौसम विभाग द्वारा शुक्रवार को न्यूनतम पारा 8.3 डिग्री जबक अधिकतम तापमान 24.6 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया है। शनिवार को बादलों का घनत्व बढ़ने के साथ ही न्यूनतम पारा मं आंशिक वृद्धि होने की संभावना है। मौसम विज्ञानी विक्षोभ के प्रभाव से शनिवार को कहीं-कहीं बूंदाबादी होने की संभावना व्यक्त कर रहे हैं। मौसम विज्ञानी अक्षय मोहन भट्ट ने बताया कि दक्षिण-पश्चिम उत्तर प्रदेश में एवं आसपास के वायुमंडल में 3.1 मिमी की ऊंचाई पर एक पछुआ विक्षोभ चक्रवाती परिसंचरण एवं इससे प्रेरित 5.8 किमी की ऊंचाई के क्षोभमंडल तक एक द्रोणिका प्रभावी है। बांग्लादेश एवं उप हिमालयी पश्चिम बंगाल में भी एक चक्रवाती परिसंचरण प्रभावी है। मौसम में आए बदलाव से छत्तीसगढ़ में बादलों की आवाजाही बढ़ी है। विक्षोभ के प्रभाव से उत्तर भारत के राज्यों में वर्षा एवं ओलावृष्टि वहीं सरगुजा के कुछ क्षेत्रों में बूंदाबादी होने की संभावना है। दो-तीन दिन बाद विक्षोभ के कमजोर पड़ने पर पारा में तेज गिरावट होने के साथ ही फिर से शीतलहर चलने की संभावना है।

### धान को होगा नुकसान

धीमी गति से उठाव होने के कारण सहकारी समितियों में करोड़ों का धान जाम है। संग्रहित धान को खुले आसमान के नीचे रखा गया है। बूंदाबादी होने से संग्रहित धान के भींगने की संभावना है। शीतलहर शुरू होने पर फिर से घना कोहरा छाने एवं शीत गिरने की संभावना जताई जा रही है। घने कोहरे से आवागमन पर विपरीत प्रभाव पड़ेगा वहीं शीत की बूंदे एवं वातावरण की नमी खुले आसमान के नीचे रखे गए धान को प्रभावित करेगी।

### वाहन की टक्कर से गंभीर युवक की उपचार के दौरान गई जान

**अम्बिकापुर।** ग्राम दबगरी के समीप बाइक सवार को विपरीत दिशा से आ रहे अज्ञात वाहन के चालक ने लापरवाही पूर्वक चलाते हुए टक्कर मार दी। राजपुर थाना अंतर्गत ग्राम गोपालपुर निवासी शक्तिमान आ. बउरी तिर्की (25 वर्ष) 1 जनवरी को बाइक से प्रतापपुर की ओर आ रहा था। जैसे ही ग्राम दबगरी के समीप पहुंचा तभी विपरीत दिशा से आ रहे अज्ञात वाहन के चालक ने लापरवाही पूर्वक चलाते हुए टक्कर मार दी जिससे युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। इधर घटना की जानकारी लगने पर परिजन युवक को राजपुर अस्पताल में दाखिल कराया। चिकित्सकों ने युवक की हालत नाजुक होने पर प्राथमिक उपचार के पश्चात मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर कर दिया जहां चिकित्सकों ने जांच उपरांत युवक को मृत घोषित कर दिया। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम करने के पश्चात शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजन के सुपुर्द किया है।

## निर्माण कार्यों को जल्द पूर्ण करने के निर्देश, दरिमा सीएचसी का किया निरीक्षण

# ब्लॉक पब्लिक हेल्थ यूनिट के निर्माण में देरी पर कलेक्टर ने जताई नाराजगी

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

दरिमा में बन रहे पब्लिक हेल्थ यूनिट के निर्माण में लेट लतीफी पर कलेक्टर ने नाराजगी जाहिर की है। कलेक्टर ने निर्माण कार्यों को जल्द से जल्द पूर्ण कर ऑपरेशन थिएटर को चालू करने के निर्देश दिए है। बता दें कि शुक्रवार को कलेक्टर अजीत वसंत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र दरिमा के आकस्मिक निरीक्षण पर पहुंचे थे।

इस दौरान उन्होंने सीएचसी भवन, ब्लॉक पब्लिक हेल्थ यूनिट सहित अन्य भवनों की प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने निर्माण कार्य में हो रही देरी पर असंतोष व्यक्त किया तथा निर्माण एजेंसी सीजीएमएससी को कार्य में तत्काल प्रगति लाने के सख्त निर्देश दिए। कलेक्टर ने निर्देशित किया कि निर्माण कार्य पूर्ण होते ही यहां ऑपरेशन थियेटर (ओटी) को शीघ्र फंक्शनल किया जाए। इसके लिए ऑपरेशन थियेटर में आवश्यक उपकरणों की मांग राज्य कार्यालय को शीघ्र प्रेषित करने हेतु मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को निर्देश दिए गए। कलेक्टर श्री वसंत ने दवाइयों की उपलब्धता की जानकारी ली तथा कहा कि मरीजों को समय पर निःशुल्क दवाइयां उपलब्ध हों। उन्होंने संस्थागत प्रसव में महिलाओं को प्रदान किए जाने वाली 1400 रुपए की सहायता राशि समय पर दिया जाना सुनिश्चित करने के निर्देश दिए तथा कहा कि कोई भी प्रकरण लंबित ना रहे। उन्होंने सख्त निर्देश देते हुए कहा कि अधिकारी-कर्मचारी समय पर उपस्थित रहें, अनाधिकृत रूप से अनुपस्थित रहने पर सम्बन्धितों पर कार्यवाही की जाएगी। निरीक्षण के दौरान मरीजों को प्रदाय किए जा रहे भोजन की गुणवत्ता की भी समीक्षा की गई। कलेक्टर द्वारा संस्था प्रभारी को निर्देशित किया गया कि मरीजों को निर्धारित मीनू के अनुसार ही भोजन उपलब्ध कराया जाए। इसके अतिरिक्त रामपुर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र एवं बड़ा दामली क्षेत्र में मानव संसाधन की कमी की जानकारी प्राप्त होने पर कलेक्टर द्वारा जिला स्तर पर आवश्यक पदों की पूर्ति सुनिश्चित करने तथा शेष पदों की मांग राज्य कार्यालय को प्रेषित करने के निर्देश दिए गए। निरीक्षण के दौरान जिपं सीईओ विनय कुमार अग्रवाल, सीएमएचओ डॉ. पीएस मार्को सहित संबंधित विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।



# घर बनाने 3 आरोपियों ने काटे थे 13 पेड़ वन अमले ने की जब्ती की कार्रवाई

**अम्बिकापुर।** वन परिक्षेत्र धमनी अंतर्गत डिण्डो जंगल के कक्ष क्रमांक पी 846 से ग्राम बसेरा के तीन ग्रामीणों ने एकमत होकर साल के 13 हरे पेड़ों को काट दिया। इसकी भनक लगने पर वन अमले ने आरोपियों से काटी गई 2.410 घनमीटर लकड़ी जब्त किया है। जब्त लकड़ी की कीमत 2 लाख रूपए आंकी गई है। विकासखण्ड रामचंद्रपुर अंतर्गत ग्राम बसेरा निवासी रामनाथ आ.बाल गोविंद खैरवार, रामसाय आ.देवीलाल खैरवार एवं जवाहिर आ.बासुदेव ने अपने घर में मयार व कंडी लगाने के लिए साल के 13 पेड़ों को काटे थे। पेड़ों को अपने घर ले जाकर मयार व कंडी बनाए थे। जंगल में अवैध कटाई होने की सूचना पर वनकर्मियों ने पूछताछ की तो तीन ग्रामीणों द्वारा पेड़ों की बलि चढ़ाने की जानकारी मिली। सूचना पर वनकर्मियों ने आरोपियों के घर की तलाशी ली तो भारी मात्रा में मयार एवं कंडी के शक्ल में अवैध इमारती लकड़ी मिली। वन अमले ने आरोपियों के घरों से 2.410 घन मीटर अवैध लकड़ी जब्त किया है। वन परिक्षेत्राधिकारी अजय वर्मा ने बताया कि मामले में आरोपियों के विरूद्ध वन अधिनियम 1927 की धारा 33 के तहत अपराध पंजीबद्ध किया गया है। जब्त लकड़ी वाड्रफनगर काष्ठागार में भेजा गया है। कार्रवाई में डिप्टी रेंजर सुरेश प्रसाद यादव, परिसरक्षक रामकुमार यादव, मनदेव प्रसाद गुप्ता एवं स्थानीय ग्रामीण शामिल थे।



## खबर संक्षेप

### चावल उत्सव का ऐतिहासिक शुभारंभ

**मनेन्द्रगढ़।** जिले में छग राज्य गठन की रजत जयंती के ऐतिहासिक अवसर पर रजत जयंती चावल उत्सव का 2 जनवरी से भव्य एवं गरिमामय शुभारंभ किया गया, जो 9 जनवरी तक जिलेभर में आयोजित किया जाएगा। खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग द्वारा रजत जयंती वर्ष के उपलक्ष्य में इस अवधि को विभागीय गतिविधियों के विशेष सप्ताह के रूप में मनाया जा रहा है। कार्यक्रम का शुभारंभ जिला खाद्य अधिकारी एवं समस्त खाद्य निरीक्षकों की उपस्थिति में किया गया, जिसमें जिले के विभिन्न जनप्रतिनिधि भी विशेष रूप से उपस्थित रहे। रजत जयंती चावल उत्सव के दौरान जिले की सभी शासकीय उचित मूल्य दुकानों में स्थानीय जनप्रतिनिधियों, निगरानी समिति के सदस्यों, दुकान संचालकों एवं काफी संख्या में हितग्राहियों की सहभागिता के साथ कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं।

### दिनभर छाए रहे बादल ठंड में आई नरमी

**सोनहत।** खंड स्तर पर बीते दो दिनों से मौसम में लगातार बदलाव देखने को मिल रहा है। आसमान में दिनभर हल्के बादलों की आवाजाही बनी रहने से ठंड का असर कुछ कम महसूस किया गया। विशेषकर 2 जनवरी को सुबह से ही आसमान में घने बादल छाए रहे, जिससे पूरे दिन बारिश के आसार बने रहे। दोपहर के समय बादलों के बीच हल्की धूप निकलने से मौसम कुछ देर के लिए साफ हुआ, लेकिन शाम होते ही फिर से बादलों ने आसमान को ढक लिया। इसके चलते तापमान में अपेक्षाकृत गिरावट कम रही और ठंड का असर अन्य दिनों की तुलना में हल्का महसूस किया गया। स्थानीय ग्रामीणों एवं किसानों का कहना है कि मकर संक्रांति से पूर्व वर्षा होना लगभग तय माना जाता है, जिससे फसलों को लाभ मिलने की संभावना रहती है। किसानों के अनुसार यह मौसम परिवर्तन रबी फसलों के लिए अनुकूल संकेत भी माना जा रहा है। लगातार बदलते मौसम को देखते हुए क्षेत्रवासियों ने ठंड से कुछ राहत महसूस की, वहीं आसमान में बादलों की आवाजाही से आने वाले दिनों में हल्की बारिश की संभावना से भी इंकार नहीं किया जा सकता।

### उमरदा पर की 5000 की शास्ति अधिरोपित

**अनूपपुर।** अपर कलेक्टर दिलीप कुमार पाण्डेय ने जनसुनवाई में आए तहसील कोतमा के ग्राम मझटोलिया निवासी आवेदक शालिक राम केवट के भूमि के सीमांकन संबंधी प्रकरण का जन आकांक्षा पोर्टल में समाधानकारक/संतुष्टिपूर्वक निराकरण दर्ज नहीं करने तथा आवेदक को अनावश्यक रूप से परेशान करने तथा शिकायत के निराकरण पर अनावश्यक विलम्ब करने पर तहसील कोतमा के पटवारी हल्का उमरदा अनिल वर्मा पर 5 हजार रूपए की शास्ति अधिरोपित की है। उन्होंने पटवारी को अधिरोपित शास्ति की राशि अनिवार्य रूप से जिला रेडक्रास सोसायटी के बैंक खाता में जमा कराते हुए जमा राशि की पावती कलेक्ट्रेट स्थित लोक सेवा प्रबंधन कार्यालय में उपलब्ध कराने के निर्देश दिए हैं।

### एकीकृत किसान पोर्टल में संशोधन की तिथि बढ़ी

**बैकुण्ठपुर।** छग शासन ने किसानों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए एकीकृत किसान पोर्टल में पंजीकृत विवरणों के संशोधन की समय-सीमा बढ़ा दी है। कृषि विकास एवं किसान कल्याण तथा जैव प्रौद्योगिकी विभाग द्वारा जारी आदेश के अनुसार अब 7 जनवरी तक समिति लॉगिन के माध्यम से विवरण संशोधन की सुविधा उपलब्ध रहेगी। जानकारी के मुताबिक 15 दिसंबर 2025 तक कैरीफारवर्ड, डूबान एवं वन पट्टाधारी किसानों के पंजीयन की व्यवस्था की गई थी। पंजीयन के बाद कई किसानों द्वारा अपने विवरणों में सुधार के लिए आवेदन प्राप्त हुए थे। इसी को ध्यान में रखते हुए यह निर्णय लिया गया है। संशोधन की प्रक्रिया राजस्व विभाग के अधिकारियों एवं पटवारियों द्वारा किए गए भौतिक सत्यापन के उपरांत ही की जाएगी। इसके लिए सभी संबंधित समितियों को समिति लॉगिन में आवश्यक प्रावधान उपलब्ध करा दिया गया है।

---

**हरिभूमि के कैलेंडर 2026 का विमोचन** | **जिला पंचायत अध्यक्ष मोहितराम पैकरा रहे मुख्य आतिथ्य**

# हरिभूमि की पत्रकारिता लोकतंत्र की सशक्त आवाजः मोहित





**हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर**

शहर के प्रेमाबाग स्थित प्रेस भवन में 2 जनवरी को हरिभूमि कैलेंडर 2026 का भव्य एवं गरिमामयी विमोचन समारोह संपन्न हुआ। हरिभूमि कैलेंडर का विमोचन जिला पंचायत अध्यक्ष मोहितराम पैकरा के मुख्य आतिथ्य में किया गया।

इस अवसर पर नगर पालिका शिवपुर-चरचा अध्यक्ष अरूण जायसवाल, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष बैकुंठपुर शैलेश शिवहरे, कांग्रेस कमेटी कोरिया के जिलाध्यक्ष प्रदीप गुप्ता, वरिष्ठ कांग्रेस नेता योगेश शुक्ला, कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष भूपेन्द्र यादव, भाजपा जिला महामंत्री पंकज गुप्ता, जनपद सदस्य गणेश राजवाड़े, आईसेक्ट के जिला प्रबंधक नरेश सोनी, वरिष्ठ भाजपा नेता सुवेज अहमद नेपालू, भाजपा जिला उपाध्यक्ष एवं रजवार समाज के अध्यक्ष रविशंकर राजवाड़े, जिला पंचायत की उपाध्यक्ष श्रीमती वंदना राजवाड़े, अनिल साहू, छग अधिकारी-कर्मचारी फेडरेशन कोरिया जिला संयोजक डॉ. आरएस चंदे, जिला प्रवक्ता सुरेश एक्का, पूर्व सरपंच बुढ़ार सुनील भगत, राजेन्द्र डीजल के संचालक राजेन्द्र राणा, अधिवक्ता पास्कल टोप्पो विशेष रुप से मौजूद रहे। विमोचन कार्यक्रम में सर्व प्रथम सभी अतिथियों का स्वागत एवं अभिनंदन हरिभूमि कोरिया ब्यूरो प्रमुख प्रवीन्द सिंह के द्वारा किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि जिला पंचायत कोरिया अध्यक्ष मोहितराम पैकरा ने कहा कि हरिभूमि केवल एक समाचार पत्र नहीं, बल्कि समाज की सशक्त आवाज और लोकतंत्र का मजबूत स्तंभ है। हरिभूमि ने सदैव निष्पक्ष, निर्भीक और जनहितकारी पत्रकारिता को प्राथमिकता दी है।



### छग कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन ने किया कैलेंडर विमोचन

छग कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन कोरिया नए वर्ष 2026 का कैलेंडर विमोचन जिला पंचायत सीईओ डॉ. आशुतोष चतुर्वेदी के द्वारा किया गया। इसमें संभाग प्रभारी राजेन्द्र सिंह दद्दा, संरक्षक शंकर सुमन मिश्रा, वरिष्ठ सदस्य प्रेम गुप्ता, प्रवक्ता सुरेश एक्का, कोषाध्यक्ष शिवलाल राजवाड़े, महामंत्री विश्वास भगत, जमुना प्रसाद राजवाड़े, डॉ.शुभम वर्मा, डॉ. राजू सिंह एवं फेडरेशन के पदाधिकारी उपस्थित रहे। कैलेंडर विमोचन के दौरान सीईओ डॉ. चतुर्वेदी ने फेडरेशन के इस कार्य को सराहनीय कार्य बताया। इस अवसर पर फेडरेशन के पदाधिकारी द्वारा बुके भेट कर नए साल की बधाई दी। जिला संयोजक डॉ. आरएस चंदे द्वारा कोरिया जिले के समस्त कर्मचारियों-अधिकारियों को नए वर्ष की बधाई दी गई।

---

**सुबह से छेरता मांगने घर-घर पहुंचती है बच्चों की टोली**

# ग्रामीण अंचल में छेरछेरा की धूम आज



**हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर**

प्रदेश का पारंपरिक व अन्नदान का महापर्व छेरछेरा जिले के ग्रामीण अंचल में लोगों के द्वारा समरसता व उल्लास के साथ मनाया जाएगा। मान्यता है कि छेरछेरा के दिन अन्न का दान करने से घर में सालभर सुख-समृद्धि और धन्य धान्य की कमी नहीं होती। यही कारण है कि छेरछेरा पर्व के दिन घर के दहलीज पर याचक को अनाज जरूर दान किया जाता है।

3 जनवरी को छेरछेरा पर्व के साथ पौष पूर्णिमा भी है,इस दिन गांव में बच्चों की टोली कंधे में थैला लटकाकर एक-एक घर के दरवाजे पर पहुंच कर छेरछेरा का दान प्राप्त करते हैं। इस अवसर पर प्रत्येक बच्चों की झोली को अन्न से भरा जाता है, वहीं कुछ लोगों के द्वारा अन्न के साथ रूपए भी दान करते हैं। आज छेरछेरा पर्व पर ग्रामीण अंचल में बच्चे सुबह होने के साथ ही छेरछेरा माई कोठी के धान ला हेर हेरा के स्लोगन के साथ गांव के सभी घरों में छेरता मांगते हैं। यह क्रम दिनभर चलता है। छेरछेरा पर्व को लेकर बच्चों में सबसे ज्यादा उत्साह रहता है, यही कारण है कि प्रत्येक घर के दहलीज पर बच्चों के द्वारा छेरता का अन्न मांगने के लिए पहुंचते हैं। वहीं आज के दिन माता शाकंभरी की जयंती मनाई जाती है। पौराणिक मान्यताओं के अनुसार आज के दिन भगवान शिव ने माता अन्नपूर्णा से भिक्षा मांगी थी, ताकि संसार का कल्याण हो सके। इसी मान्यता को लेकर हर घर के लोग अपने दरवाजे पर मांगने वालों की झोली को कुछ अन्न देकर भर देते हैं।

### अन्न मांगने के बाद मनाते हैं पिकनिक

बच्चों के द्वारा छेरछेरा पर्व के दिन गांव के सभी घरों में अन्न मांगते हैं और एकत्र अन्न को बेचकर राशि प्राप्त करते हैं और फिर मिले अन्न एवं बेचे गए अन्न से प्राप्त रूपए की सहायता से आवश्यक सामग्री क्रय कर पिकनिक मनाते हैं, इसके अलावा बडे लोगों के द्वारा भी छेरछेरा का अन्न धन मांगने के बाद सामूहिक रूप से पिकनिक मनाते हैं।

### सुआ नृत्य कर अन्न की याचना

छेरछेरा पर्व के अवसर पर ग्रामीण क्षेत्रों में सुवा नृत्य भी किया जाता है और इस नृत्य करने वाले टोलियों को अन्न धन का दान किया जाता है। इस तरह सुवा नृत्य ग्रामीण क्षेत्रों में कई दिनों तक चलता है। नई फसल की कटाई करने के बाद जब घर में नया अन्न आता है, तब इसके खुशी में छेरछेरा पर्व मनाया जाता है।

# 82 ग्राम पंचायत सचिवों को कारण बताओ नोटिस

**हरिभूमि न्यूज ⏭ मनेन्द्रगढ़**

एमसीबी जिले में प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के क्रियान्वयन में लापरवाही बरतने पर जिला पंचायत सीईओ श्रीमती अंकिता सोम ने सख्त कार्रवाई करते हुए 82 ग्राम पंचायतों के सचिवों को कारण बताओ नोटिस जारी किया है।

जिला प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि यह योजना शासन की महत्वाकांक्षी योजनाओं में शामिल है, जिसकी निरंतर निगरानी राज्य, जिला एवं जनपद पंचायत स्तर पर की जा रही है, इसके बावजूद कई ग्राम पंचायतों में प्रगति असंतोषजनक पाई गई है। जिले में प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए 15,314 आवासों का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इसके विरूद्ध अब तक 7,643 आवासों का निर्माण पूर्ण किया जा चुका है, जो जिले की उल्लेखनीय प्रगति को दशार्ता है। योजना की समीक्षा एवं निगरानी के लिए ग्राम पंचायत स्तर पर नियमित निरीक्षण किए जा रहे हैं तथा निर्धारित समय-सीमा में आवासों के निर्माण को पूर्ण कराने के निर्देश दिए जा रहे हैं। आवासों की गुणवत्ता एवं समयबद्ध निर्माण सुनिश्चित करने के लिए आवास मित्रों की भूमिका को भी सशक्त किया गया है। निरीक्षण कार्यों को



- पीएम आवास योजना में लापरवाही पर सीईओ सख्त

प्रोत्साहित करने के लिए जिले के 92 आवास मित्रों को कुल 3 लाख 40 हजार रूपए की प्रोत्साहन राशि प्रदान की गई है, जिससे योजना के प्रभावी क्रियान्वयन को गति मिली है, इसके बावजूद 82 ग्राम पंचायतों में भौतिक प्रगति अपेक्षा के अनुरूप नहीं पाई गई, जिसे जिला प्रशासन ने गंभीरता से लिया है। बार-बार निर्देश दिए जाने के बाद भी सुधार नहीं होने पर संबंधित ग्राम पंचायत सचिवों को तीन दिवस के भीतर अपना स्पष्टीकरण प्रस्तुत करने तथा कार्य में तत्काल प्रगति लाने के निर्देश दिए गए हैं। जिला प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि निर्धारित समय-सीमा में संतोषजनक जवाब नहीं मिलने की स्थिति में नियमानुसार दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी। वहीं, शेष लक्ष्यों की पूर्ति के लिए कार्य सतत रूप से जारी है, ताकि अधिक से अधिक पात्र हितग्राहियों को प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ समय पर मिल सके।

### हेलमेट जागरूकता के लिए निकाली बाइक रैली

**मनेन्द्रगढ़।** पुलिस महानिरीक्षक सरगुजा रेंज दीपक कुमार झा के निर्देश और पुलिस अधीक्षक मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर श्रीमती रत्ना सिंह के मार्गदर्शन में सड़क यातायात सुरक्षा को बढ़ावा देने के उद्देश्य से एमसीबी जिला पुलिस द्वारा हेलमेट जागरूकता बाइक रैली का आयोजन किया गया। बाइक रैली सिटी कोतवाली परिसर से प्रारंभ होकर नगर के प्रमुख मार्गों से होते हुए विभिन्न चौक-चौराहों से गुजरी। रैली के माध्यम से आम नागरिकों, विशेषकर दुपहिया वाहन चालकों को यह संदेश दिया गया कि हेलमेट पहनना केवल कानूनी बाध्यता नहीं बल्कि जीवन सुरक्षा का सबसे प्रभावी साधन है। रैली के दौरान पुलिस कर्मियों ने स्वयं हेलमेट पहनकर बाइक चलाई और हेलमेट पहनें सुरक्षित रहें, आपकी सुरक्षा, आपकी जिम्मेदारी जैसे स्लोगन के माध्यम से लोगों को जागरूक किया। कई स्थानों पर वाहन चालकों को रोककर उन्हें हेलमेट के महत्व के बारे में समझाया गया तथा यातायात नियमों का पालन करने की अपील की गई। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि सड़क दुर्घटनाओं में होने वाली मौतों और गंभीर चोटों का प्रमुख कारण हेलमेट का उपयोग ना करना है। हेलमेट पहनने से सिर की गंभीर चोटों से बचाव संभव है, जिससे दुर्घटना के दौरान जान बचाई जा सकती है। एमसीबी पुलिस ने नागरिकों से अपील की कि वे स्वयं हेलमेट पहनें और अपने परिवार के सदस्यों, विशेषकर युवाओं को भी इसके लिए प्रेरित करें।

# अवैध अंतर्राज्यीय चावल परिवहन पर कार्रवाई

**हरिभूमि न्यूज ⏭ मनेन्द्रगढ़**

जिला प्रशासन ने अवैध चावल परिवहन एवं राइस मिल संचालन में गंभीर अनियमितताओं को लेकर कड़ा रूख अपनाया है। कलेक्टर कार्यालय (खाद्य शाखा) द्वारा केल्हारी तहसील के केवटी स्थित गोयल एग्रो केवटी राइस मिल के संचालक संजीव कुमार गोयल को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है।

यह कार्रवाई केल्हारी अनुविभागीय अधिकारी श्रीमती इंदिरा मिश्रा, भरतपुर अनुविभागीय अधिकारी शशि शेखर मिश्रा एवं खाद्य निरीक्षक भरतपुर प्रवीण मिश्रा तथा केल्हारी खाद्य निरीक्षक श्रीमती ममता भगत की संयुक्त जांच रिपोर्ट के आधार पर की गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार 16 दिसंबर 2025 को मध्य प्रदेश-छग सीमा क्षेत्र अंतर्गत ग्राम घुघरी में 32 टन चावल से लदा वाहन जब्त किया गया था। इसके पश्चात 22 दिसंबर 2025 को गोयल एग्रो केवटी राइस मिल का भौतिक सत्यापन किया गया। संयुक्त जांच में यह तथ्य सामने आया कि मिल द्वारा नियमों को दरकिनार करते हुए अनाधिकृत रूप से अंतर्राज्यीय चावल परिवहन किया गया, साथ ही बिना अनुमति चावल का क्रय भी किया गया।

### राइस मिल सत्यापन में गंभीर अनियमितता

खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 के अंतर्गत राइस मिल पंजीयन प्रक्रिया में गंभीर अनियमितता सामने आने पर जिला प्रशासन ने कड़ा रूख अपनाया है। गोयल एग्रो केवटी राइस मिल के भौतिक सत्यापन में लापरवाही बरतने के मामले में खाद्य निरीक्षक केल्हारी श्रीमती ममता भगत को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार गोयल एग्रो केवटी द्वारा 11 दिसंबर 2025 को ऑनलाइन माध्यम से राइस मिल पंजीयन के लिए आवेदन प्रस्तुत किया गया था। इसके पश्चात खाद्य निरीक्षक द्वारा 15 दिसंबर 2025 को मिल का भौतिक सत्यापन किया गया। हालांकि 22 दिसंबर 2025 को केल्हारी एवं भरतपुर अनुविभागीय अधिकारियों की संयुक्त टीम द्वारा पुनः निरीक्षण किए जाने पर कई गंभीर अनियमितताएं पाई गईं। चौकाने वाली बात यह रही कि संयुक्त निरीक्षण में पाई गई अनियमितताओं का उल्लेख पूर्व में खाद्य निरीक्षक द्वारा प्रस्तुत प्रतिवेदन में नहीं किया गया था।

### प्रवेश के लिए आवेदन 20 तक

**अनूपपुर।** श्रम पदाधिकारी अनूपपुर ने बताया कि मध्यप्रदेश भवन एवं अन्य संनिर्माण कर्मकार कल्याण मंडल, भोपाल द्वारा प्रदेश के पंजीकृत निर्माण श्रमिकों के पुत्र-पुत्रियों के लिए श्रमोदय आवासीय विद्यालय भोपाल, इंदौर, जबलपुर एवं ग्वालियर में शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए कक्षा 6 वीं, 7 वीं, 8 वीं एवं 9 वीं में प्रवेश के लिए प्रवेश प्रक्रिया प्रारंभ कर दी गई है। इच्छुक विद्यार्थी 20 जनवरी 2026 तक ऑनलाईन पोर्टल के माध्यम से आवेदन कर सकते हैं। प्रवेश के लिए प्रवेश परीक्षा 8 फरवरी को आयोजित की जाएगी। परीक्षा के प्रवेश पत्र मध्यप्रदेश राज्य मुक्त स्कूल शिक्षा बोर्ड के पोर्टल से डाउनलोड किए जा सकेंगे।

# भू-जल स्तर गिरने से बाधित हुई जल आपूर्ति

**हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर**

जिले के विकासखंड बैकुंठपुर के ग्राम सीतापुर रकया में पिछले डेढ़ माह से पेयजल आपूर्ति बाधित होने के संबंध में लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग ने स्थिति स्पष्ट की है।

विदित हो कि, इस आशयक को लेकर हरिभूमि ने प्रमुखता से खबर प्रकाशित किया था। विभाग के दावे केअनुसार ग्राम में जल जीवन मिशन के अंतर्गत जीआई स्ट्रक्चर के माध्यम से जलप्रदाय किया जा रहा था, किंतु भू-जल स्तर में अत्यधिक गिरावट के कारण जल आपूर्ति प्रभावित हुई है। विभाग ने पूर्व में ग्राम में दो नलकूपों का खनन कराया था, परंतु उनमें पर्याप्त जल स्त्रोत उपलब्ध नहीं हो सका। अब इन नलकूपों को हाइड्रोफ्रैक्चरिंग के लिए प्रस्तावित किया गया है, जिसका कार्य शीघ्र पूर्ण किए जाने की प्रक्रिया में है। इसके पश्चात ग्राम में नियमित जल आपूर्ति बहाल होने की उम्मीद है। फिलहाल ग्रामीणों को पेयजल की समस्या से राहत देने के लिए पूर्व से स्थापित हैंडपंप में सबमर्सिबल पंप लगाकर सिंगल सिंटैक्स लाइन के माध्यम से अस्थायी रूप से जल प्रदाय किया जा रहा है। लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के अधिकारियों का कहना है कि विभाग स्थिति पर लगातार नजर बनाए हुए हैं और जल आपूर्ति को स्थायी रूप से सुचारू करने के लिए आवश्यक पहल किए जा रहे हैं।


सीतापुर रकया में डेढ़ माह से पेयजल सप्लाई नहीं

हैंडपंप की व्यवस्था नहीं बस्ती में

हरिभूमि में प्रकाशित खबर।

---

**पूर्व विधायक गुलाब बोले-जनता के स्वास्थ्य के साथ खिलवाड़ कर रही सरकार**

# सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र सोनहत में सोनोग्राफी सेवा ठप

**हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर**

- समय पर इलाज न मिलने से मरीजों की जान जोखिम में

जिले के सोनहत सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में लंबे समय से बंद पड़ी सोनोग्राफी सुविधा को लेकर पूर्व विधायक गुलाब कमरो ने प्रदेश सरकार और स्थानीय प्रशासन के खिलाफ कड़ा रूख अपनाया है। उन्होंने इसे क्षेत्रीय जनता के साथ सरासर अन्याय करार देते हुए एक बड़ा बयान जारी किया है।

सोनोग्राफी सेवा बंद होने के कारण गर्भवती महिलाओं और गंभीर मरीजों को 50-60 किमी दूर बैकुंठपुर या अन्य निजी केन्द्रों के चक्कर काटने पड़ रहे हैं, इससे न केवल आर्थिक बोझ बढ़ रहा है, बल्कि समय पर इलाज न मिलने से मरीजों की जान भी जोखिम में है। पूर्व श्री कमरो ने कहा कि सोनहत के ग्रामीण और आदिवासी अंचल के लोग सरकारी स्वास्थ्य सुविधाओं के भरोसे रहते हैं। अस्पताल में सोनोग्राफी मशीन होने के बावजूद उसका लाभ न मिलना प्रशासन की बड़ी विफलता है। विधायक श्री कमरो ने आरोप लगाया कि मशीन और सेटअप उपलब्ध होने के बाद भी ऑपरेटर या रेडियोलॉजिस्ट की व्यवस्था न करना शासन की मंशा पर सवाल उठाता है।



पूर्व विधायक ने स्पष्ट किया कि यदि जल्द ही सोनोग्राफी की सुविधा सुचारू रूप से शुरू नहीं की गई, तो वे जनता व हजारों कार्यकर्ताओं के साथ मिलकर उग्र आंदोलन करेंगे और सीएमएचओ कार्यालय का घेराव भी करेंगे।

उन्होंने मांग की है कि जिला प्रशासन तत्काल संज्ञान लेकर व्यस्था को सुचारू रूप से चालू करें और सप्ताह में कम से कम 3 दिन सेवा का लाभ मिले, जिससे गरीब और दूर-दराज के ग्रामीणों को इसका लाभ मिल सके।

### वनांचल की महिलाएं ज्यादा परेशान

कुछ दिवस पूर्व एक मामला आया था जब रामगढ़ से सोनोग्राफी कराने आई महिला को यह पता चला कि यहां तो सोनोग्राफी विगत कई महीनों से बंद है, महिला ने बताया कि उसे तकलीफ ज्यादा है और सोनोग्राफी कराना आवश्यक है। सोनहत आने के बाद जब उसे पता चला कि यहां तो सोनोग्राफी बंद है तो वह मायूस हो गई और अचानक उसके आंखों में आंसू आ गए। आस-पास के लोगों ने उसे बैकुंठपुर चले जाने की सलाह दी, इस पर महिला ने बड़े दुखी मन से कहा कि बैकुंठपुर जाने के लिए मेरे पास रूपए नहीं है।

# चिरमिरी हल्दीबाड़ी में कल होगी बहरूपिया प्रतियोगिता

**बैकुण्ठपुर।** यूथ क्लब चिरमिरी द्वारा आयोजित इस बहरूपिया प्रतियोगिता में एकल और समूह में सैकड़ों की संख्या में प्रतिभागी हिस्सा लेंगे, जिसमें एकल एवं समूह के प्रथम, द्वितीय, तृतीय, चतुर्थ, पंचम स्थान के प्रतिभागियों को ढेरों आकर्षक पुरस्कारों से पुरस्कृत किया जाएगा तथा शेष सभी प्रतिभागियों को विशेष सांत्वना पुरस्कार से पुरस्कृत किया जाएगा।

कार्यक्रम के संदर्भ में जानकारी देते हुए यूथ क्लब चिरमिरी के सदस्यों ने बताया कि यह बहरूपिया प्रतियोगिता 4 जनवरी रविवार की सुबह 10 बजे से शुरू होगी, जो सायं 4 बजे तक चलेगी। इस दौरान प्रतिभागी अपनी कला का प्रदर्शन करेंगे। इसके बाद निर्णायक मंडल प्रतिभागियों के प्रदर्शन के आधार पर उन्हें प्रथम, द्वितीय, तृतीय व अन्य स्थान देंगे। तदोपरांत प्रतिभागियों को मंच से अतिथियों द्वारा ढेरों आकर्षक पुरस्कार से पुरस्कृत किया जाएगा। यूथ क्लब द्वारा आयोजित इस बहरूपिया प्रतियोगिता में चिरमिरी के गणमान्यजन, व्यापारी, जनप्रतिनिधियों के सहयोग से सफलतापूर्वक कई वर्षों से आयोजित किया जा रहा है। इस प्रतियोगिता की प्रसिद्धि इतनी बढ़ चुकी है कि अब इसे बहरूपिया महोत्सव के नाम से पूरे छग में जाना जाता है एवं इसमें हिस्सा लेने प्रतिभागी एमसीबी, कोरिया, सूरजपुर, सरगुजा, धमतरी के साथ ही पड़ोसी राज्य मध्य प्रदेश से भी उपस्थित हो रहे हैं।

- प्रतियोगिता के लिए तैयारियां पूरी

## खबर संक्षेप



### हनुमान मंदिर की मूर्ति खंडित, बजरंग दल ने की थाने में शिकायत

**शंकरगढ़।** ग्राम पंचायत कोठली पवई फाल स्थित हनुमान मंदिर का मूर्ति क्षतिग्रस्त करने से लोगों में आक्रोश है। मंदिर की मूर्ति को खंडित करने की घटना 31 दिसंबर की बताई जा रही है और अज्ञात असामाजिक तत्वों द्वारा मूर्ति को नुकसान पहुंचाया गया है। इधर घटना की जानकारी लगने पर बजरंग दल के पदाधिकारियों ने घटना शिकायत थाने में की है। साथ ही दोषियों के विरूद्ध कड़ी कार्रवाई किए जाने की मांग की है। शंकरगढ़ क्षेत्र के ग्राम पंचायत कोठली के पवई फाल के समीप हनुमान मंदिर की मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा वर्ष 2021-22 में विधिवत रूप से कराई गई थी। हर साल दिसम्बर महीने अंतिम दिन को श्रदयालु मन्दिर के साफ सफाई और पूजा पाठ के लिए एकत्र होते हैं। इस वर्ष भी जब श्रद्धालु मन्दिर पहुंचे तो, उन्होंने मूर्ति को खंडित अवस्था में पाया। इस घटना से क्षेत्र में आक्रोश फैल गया। इस दौरान कोठली आस पास गांव धाजापाठ, भालू पानी जलबोथा के भक्त उपस्थित रहे मूर्ति लागत लगभग 30 हजार रुपये बताया गया है। घटना के संबंध में बजरंग दल के खण्ड संयोजक दयाशंकर यादव ने शंकरगढ़ थाने में शिकायत की। उन्होंने उन्होंने इसे धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाने वाला कृत्य बताते हुए दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्यवाही की मांग की है। पुलिस ने मामले की गंभीरता को देखते हुए अज्ञात के विरुद्ध मामला दर्ज तलाश शुरू कर दी है। पुलिस की अधिकारियों का कहना है कि सभी पहलुओं पर गहनता से जांच की जा रही है और दोषियों की पहचान कर उनके विरुद्ध शीघ्र कार्रवाई की जाएगी।

## निधन

### श्रीमती आनन्दी मिश्रा

**अम्बिकापुर।** अग्निशमन विभाग में पदस्थ प्रतापपुर रोड निवासी प्रमोद मिश्रा की धर्मपत्नी श्रीमती आनन्दी मिश्रा का 56 वर्ष की आयु में



निधन हो गया। उनका रायपुर के अस्पताल में इलाज चल रहा था। वे अपने पीछे एक पुत्र कुंदन मिश्रा, पुत्री पायल मिश्रा सहित भरा-पूरा परिवार छोड़ गईं। श्रीमती आनन्दी मिश्रा गौरी मंदिर के पुजारी पंडित राजेश मिश्रा की भाभी थीं। उनका अंतिम संस्कार शंकर घाट स्थित मुक्तिधाम में किया गया। मुख्याग्नि पति प्रमोद मिश्रा ने दी। उनके अंतिम यात्रा में स्वजन सहित बड़ी संख्या में शहर के गणमान्य नागरिक शामिल हुए।

## हेल्थ प्लस

### तेज डायग्नोस्टिक सेंटर में विशेषज्ञ चिकित्सक कल

**अम्बिकापुर।** तेज डायग्नोस्टिक एवं माता राजरानी मेमोरियल हॉस्पिटल में रविवार 4 जनवरी को मस्तिष्क एवं नस रोग विशेषज्ञ डॉ.मनीष चौरसिया,



मानसिक रोग विशेषज्ञ डॉ.गौरी शंकर सिंह, गठिया रोग विशेषज्ञ डॉ.बी.बी. कुमार, पेट एवं आंत रोग विशेषज्ञ डॉ.आकाश गर्ग, मनोरोग, नशामुक्ति व सेक्सोलॉजिस्ट डॉ.निशांत कुमार साहू, ब्रेन एंजियोग्राफी एंड एंजियोप्लास्टी विशेषज्ञ सौरभ जैन संबंधित रोगों से पीड़ित मरीजों के उपचार हेतु एवं परामर्श के लिए तेज डायग्नोस्टिक सेंटर एवं माता राजरानी मेमोरियल हॉस्पिटल जोड़ा तालाब के सामने बाबूपारा अम्बिकापुर में उपलब्ध रहेंगे।

#### शिव मंदिर परिसर में करा रहा भव्य गणेश मंदिर का निर्माण

# पिता के सपने को साकार करने के प्रयास में जुटा युवा ठेकेदार

हरिभूमि न्यूज ⏭ रामानुजगंज

भगवान की तरह किसी को दर्जा मिला है तो वह माता पिता है और भगवान की तरह श्रद्धा भाव से उनकी सेवा और उनकी हर इच्छा को पूरा करना हर संतान का कर्तव्य है। कुछ इसी सोच के साथ युवा ठेकेदार ने पिता द्वारा देखे गए सपने को पूरा करने न सिर्फ ठान लिया बल्कि पिता के इच्छा अनुसार शिव मंदिर परिसर में भगवान गणेश की मंदिर का निर्माण शुरू कर दिया। समाजसेवी एवं ठेकेदार के पिता की इच्छा थी कि शिव मंदिर में भगवान गणेश की मंदिर बने और श्रद्धालु शिव के साथ भगवान गणेश की पूजा अर्चना कर सके। मंदिर निर्माण का प्रगति पर है और 2026 में मंदिर की भव्य प्राण प्रतिष्ठा संभावना है।

**खास बात**

- मंदिर निर्माण प्रगति पर, 2026 में प्राण प्रतिष्ठा की है संभावना

नगर के वार्ड क्रमांक 12 निवासी युवा ठेकेदार एवं समाजसेवी अंकित गुप्ता द्वारा शिव मंदिर परिसर में भगवान गणेश के भव्य मंदिर का निर्माण कराया जा रहा है। यह निर्माण कार्य पूरे उत्साह और तेजी के साथ चल रहा है। स्थानीय नागरिकों में इस धार्मिक कार्य को लेकर विशेष उत्साह देखने को मिल रहा है। मंदिर की प्राण-प्रतिष्ठा वर्ष 2026 में कराए जाने की संभावना जताई जा रही है। युवा ठेकेदार अंकित गुप्ता सामाजिक कार्यों में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेने के लिए जाने जाते हैं। उन्होंने बताया कि यह मंदिर निर्माण उनके पिता स्वर्गीय महेंद्र गुप्ता के सपने को साकार करने का प्रयास है। उनके पिता की इच्छा थी कि शिव मंदिर परिसर में भगवान गणेश का एक सुंदर एवं व्यवस्थित मंदिर बने, जहां श्रद्धालु विधिवत पूजा-अर्चना कर सकें। पिता के इसी सपने को पूरा करने के उद्देश्य से उन्होंने गणेश भगवान के मंदिर निर्माण का संकल्प लिया।



निर्माणाधीन गणेश मंदिर।

अंकित गुप्ता ने बताया कि मंदिर निर्माण में गुणवत्ता और मजबूती का विशेष ध्यान रखा जा रहा है। निर्माण सामग्री से लेकर वास्तु और डिजाइन तक हर पहलू पर विशेषज्ञों की सलाह ली जा रही है, ताकि मंदिर दीर्घकाल सुरक्षित और आकर्षक बना रहे। उन्होंने कहा कि यह मंदिर केवल एक धार्मिक स्थल ही नहीं, बल्कि श्रद्धा, आस्था और सामाजिक एकता का केंद्र बनेगा। स्थानीय लोगों का कहना है कि गणेश मंदिर के निर्माण से शिव मंदिर परिसर की शोभा और भी बढ़ जाएगी। भगवान गणेश को विघ्नहर्ता और शुभ कार्यों का आरंभ करने वाला देव माना जाता है, ऐसे में मंदिर निर्माण से क्षेत्र में सकारात्मक ऊर्जा का संचार होगा।

#### भव्य रूप से होगा प्राण प्रतिष्ठा

अंकित गुप्ता ने बताया कि मंदिर का निर्माण कार्य पूर्ण होने के बाद विधिवत पूजा-पाठ, हवन और धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। वर्ष 2026 में भव्य रूप से प्राण-प्रतिष्ठा समारोह आयोजित करने की योजना है, जिसमें नगर सहित आसपास के क्षेत्रों से बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के शामिल होने की संभावना है।

#### लोग कर रहे सराहना

युवा ठेकेदार द्वारा पिता की इच्छा के अनुसार शिव मंदिर परिसर में भगवान गणेश मंदिर निर्माण की सराहना कर रहे है। नगर वासियों ने इस पुनीत कार्य के लिए अंकित गुप्ता की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे कार्य समाज में धार्मिक और सांस्कृतिक मूल्यों को मजबूत करते हैं तथा नई पीढ़ी को भी सेवा और श्रद्धा की प्रेरणा देते हैं।



## कबड्डी स्पर्धा में कतकालो की टीम बनी विजेता

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

जिला पंचायत क्षेत्र क्रमांक-2 के तहत रामपुर हायर सेकेंडरी विद्यालय मैदान में दो दिवसीय जिला पंचायत स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। 30 एवं 31 दिसंबर को संपन्न हुई इस प्रतियोगिता में कुल 35 पंचायतों के लगभग 200 खिलाड़ियों ने भाग लिया। दोनों श्रेणियों में कतकालो की टीम ने विजेता का खिताब हासिल किया जबकि बालक वर्ग में केशवपुर व बालिका वर्ग में रामपुर की टीम को उपविजेता रही।

- बालक वर्ग में केशवपुर व बालिका वर्ग में रामपुर उपविजेता घोषित

प्रतियोगिता में जिला पंचायत क्षेत्र के अंतर्गत सभी हायर सेकेंडरी एवं हाई स्कूलों के छात्र-छात्राओं ने सहभागिता कर अपनी खेल प्रतिभा का प्रदर्शन किया। ग्रामीण अंचल में खेल भावना विकसित करने के उद्देश्य से जिपं सदस्य पायल सिंह तोमर की पहल पर आयोजित प्रतियोगिता का शुभारंभ राज्य युवा आयोग के अध्यक्ष तथा जिला कबड्डी संघ सरगुजा के अध्यक्ष विश्व विजय सिंह तोमर व वरिष्ठ पार्षद आलोक दुबे ने किया जबकि समापन में जिपं उपाध्यक्ष देव नारायण यादव मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। विजेता टीम को 7 हजार रुपए नगद, शील्ड एवं प्रमाण पत्र प्रदान किया गया, जबकि उपविजेता टीम को साढ़े तीन हजार रुपए नगद, शील्ड और प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। युवा आयोग के अध्यक्ष विश्व विजय सिंह तोमर ने विजेता एवं उपविजेता खिलाड़ियों को कबड्डी ड्रेस भेंट की गई। साथ ही रामपुर स्कूल के बच्चों को क्रिकेट किट, फुटबॉल एवं वॉलीबॉल भी प्रदान किए गए। इस दौरान भाजपा ग्रामीण मंडल अध्यक्ष विवेक सिंह सेंगर, रामकेश्वर राजवाड़े, विकास शुक्ला चंदन, अंशुल श्रीवास्तव, पन्नालाल राजवाड़े, मनीष दुबे, संजय राजवाड़े, दीपक यादव, सुरेश मलिक, अभिनंदन सिंह, राजू सिंह, सागर विश्वकर्मा, निशांत सिंह गोल्डी, दिगम्बर यादव, शानू कश्यप, अर्जुन राजवाड़े, रामप्रसाद राजवाड़े, आदित्य सिंह, सरपंच एवं अन्य जनप्रतिनिधि मौजूद थे।

## कलेक्टर व एसपी ने कुसमी क्षेत्र में किया धान खरीदी केंद्र का निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ बलरामपुर

खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 के लिए जिले के कृषकों से समर्थन मूल्य पर धान खरीदी की जा रही है। धान के अवैध परिवहन, भंडारण एवं कोचियों व बिचौलियों द्वारा धान के अवैध विक्रय के प्र या सों पर रोक ल गा ने हे तु प्रशासनिक अमला सक्रियता से कार्य कर रहा है। इसी क्रम में कलेक्टर राजेन्द्र कटारा तथा एसपी वैभव बैंकर ने विकासखण्ड कुसमी के विभिन्न धान खरीदी केन्द्रों एवं चेक पोस्टों का निरीक्षण कर वस्तुस्थिति का जायजा लिया।

- उपार्जन केंद्र व चेकपोस्ट में सतर्कता बरतने दिए निर्देश



कलेक्टर व पुलिस अधीक्षक ने विकासखंड कुसमी के धान खरीदी केन्द्र चांदो, सामरी का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने धान खरीदी केन्द्र समिति प्रबंधक से चर्चा कर टोकन, अब तक हुए धान खरीदी की मात्रा एवं धान उठाव की जानकारी ली। उन्होंने समिति प्रबंधक से कहा कि बिचौलियों व कोचिए अपना धान न बेच पाये इस पर सतत निगरानी रखे। उन्होंने खरीदी केंद्र में बारदानों की उपलब्धता, स्टेंसिल को सही स्थान पर लगाने, बारदाने में निर्धारित मात्रा में धान का भराव के संबंध में आवश्यक निर्देश दिए। कलेक्टर श्री कटारा ने धान विक्रय करने में कृषकों को कोई परेशानी न हो यह सुनिश्चित करने को कहा। कलेक्टर ने धान के उठाओ की जानकारी लेते हुए उपस्थित अधिकारी को धान का शीघ्र उठाव करने के निर्देश दिये ताकि धान खरीदी सुचारू रूप से हो सके।

इस दौरान उन्होंने केन्द्र में समर्थन मूल्य पर धान बेचने आये किसानों से चर्चा कर टोकन, किसान किताब पर्ची सहित अन्य दस्तावेजों का अवलोकन किया। इस दौरान उन्होंने तराजू एवं नमी मापक यंत्र, बारदाना पंजी, खरीदी पंजी का अवलोकन कर उचित संधारण करने के निर्देश दिये। एसपी श्री बैंकर ने सुरक्षा पहलुओं पर चर्चा कर धान के अवैध परिवहन पर सख्त कार्यवाही करने तथा आवश्यकतानुसार पुलिस का सहयोग लेने की बात कही। इसके साथ ही कलेक्टर, एसपी ने अमटाही व कोरोंधा चेकपोस्ट का भी निरीक्षण किया। उन्होंने चेकपोस्ट में तैनात कर्मचारियों से बात की और किसी भी प्रकार की संदेहास्पद गतिविधि होने पर त्वरित कार्यवाही के निर्देश दिए। पुलिस अधीक्षक श्री बैंकर ने कर्मचारियों को लगातार सतर्क रहने के निर्देश दिये और वाहनों का सघन जांच करने को कहा।

### गेहूं फसल में कीट एवं खरपतवार से बचाव के लिए किसानों को दी सलाह

**सूरजपुर।** जिले के अधिकांश गांव में गेहूं की बुवाई लगभग पूरी हो चुकी है। इस बीच कई जगहों पर गेहूं की फसल में कीट, रोग एवं खरपतवार की समस्या सामने आ रही है। जिससे किसानों की मेहनत और उत्पादन पर असर पड़ सकता है। कृषि विभाग द्वारा किसानो को गेहूं फसल को किट व्यधियों से बचाने के संबंध में समसामयिक सलाह जारी किया गया है। देरी से बोई गई फसलों में दीमक अधिक सक्रिय होती है। यह फसल को नुकसान पहुंचाकर उत्पादन घटा सकती है। गेहूं की फसल में कीटों से बचाव के लिए बीज उपचार अत्यंत प्रभावी उपाय है। पर बोई गई फसली में दीमक का आक्रमण दिखे तो सिंचाई करना फायदेमंद है। गुलाबी तना छेदक कीट कम जुताई वाले खेतों में अधिक पाया जाता है। कीट दिखाई देते ही छिड़काव करें।




## राष्ट्रीय चैंपियनशिप में कस्तूरबा गांधी की छात्राओं ने किया उत्कृष्ट प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ लखनपुर/रजपुरीकला

20वीं राष्ट्रीय मात्सोगी-डो ताइक्वांडो चैंपियनशिप जम्मू कश्मीर में 28 से 31 दिसंबर तक आयोजित किया गया। प्रतियोगिता में कस्तूरबा गांधी लखनपुर की छह छात्राओं ने अलग-अलग वेट की केटेगरी से भाग लिया था। जिसमें कस्तूरबा की एक छात्रा पातर मनी पोर्ते ने अंडर 14 बालिका वर्ग 36 केजी भार वर्ग में द्वितीय स्थान प्राप्त कर सिल्वर अपने नाम किया। इसके अलावा अन्य तीन छात्राएं राखी चौहान अंडर 14 बालिका 40 केजी भार वर्ग में तृतीय स्थान प्राप्त कर ब्रोंज मेडल, हरिप्रिया अंडर 14 बालिका 32 केजी भार वर्ग में ब्रॉन्ज मेडल, शस्मिता अंडर 16 गर्ल्स 44 भर वर्ग में ब्रोंज मेडल प्राप्त कर छात्रावास को गौरवान्वित किया है । छात्राओं ने अपनी कड़ी मेहनत एवं परिश्रम से इस उपलब्धि को हासिल कर कुल चार मेडल अपने नाम किया हैं। अधीक्षक श्रीमती अनुराधा सिंह एवं कोच नीतीन श्रीवास्तव के कुशल मार्गदर्शन में छात्राओं की इस उपलब्धि से छात्रावास एवं अभिभावकों में हर्ष का माहौल है।

## ठंड से बचाने लायंस ने जरूरतमंद लोगों को बांटे कंबल

**अम्बिकापुर।** लायंस क्लब द्वारा 31 दिसंबर की रात्रि नववर्ष के आगमन पर ठंड से ठिठुरते हुए लोगों को रात्रि 11 बजे से कंबल ओढ़ाने का कार्य इस वर्ष भी किया गया। क्लब के सदस्यों द्वारा परस्पर एकत्रित किये गए कंबल गुरू नानक चौक, स्कूल रोड, देवीगंज रोड, सदर रोड, विवेकानंद चौक, स्टेडियम के पास और गांधी चौक में ठंड से ठिठुरते हुए लोगों को ओढाये गये। जिसमें सबसे अधिक स्टेडियम के पास ठंड से ठिठुरते लोग पाये गये। नव वर्ष के आगमन पर सभी सदस्यों द्वारा परस्पर बधाई देकर मिष्ठान वितरीत किया गया। कार्यक्रम में पूर्व गवर्नर डॉ.जीडी सिंह, अध्यक्ष डॉ.यशवर्धन सिंह, सचिव अनुज प्रसाद सिंह, पीके गोयल, एलपी गुप्ता, सुमन सिंह, नीरज अग्रवाल, दीपक अग्रवाल, डॉ.नीतू सिंह, संदीप सिंह, दिव्या सिंह, अनिल शुक्ला, केके सिंघल, बिजेन्द्र पाठक आदि सदस्य उपस्थित थे।





## सांसद की अध्यक्षता में हुई जनपद स्तरीय समीक्षा बैठक

**भैयाथान।** सांसद चिंतामणि महाराज की अध्यक्षता में जनपद स्तरीय समीक्षा बैठक का आयोजन जनपद पंचायत भैयाथान के सभाकक्ष में किया गया। बैठक में सांसद ने विभिन्न विभागों द्वारा संचालित योजनाओं की प्रगति की विस्तृत समीक्षा करते हुए अधिकारियों को समयबद्ध, पारदर्शी एवं गुणवत्तापूर्ण कार्य सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

- विभिन्न विभागों द्वारा संचालित योजनाओं की गई समीक्षा

समीक्षा के दौरान सांसद महाराज ने प्रधानमंत्री आवास योजना की प्रगति की जानकारी लेते हुए अपूर्ण आवासों को शीघ्र पूरा कराने के निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट कहा कि जिन आवासों में विवाद के कारण कार्य लंबित है, उनका प्राथमिकता के आधार पर त्वरित निराकरण किया जाए, ताकि पात्र हितग्राहियों को योजनाओं का लाभ समय पर मिल सके। बैठक में जनपद सीईओ विनय गुप्ता ने जानकारी दी कि अटल डिजिटल सेवा केंद्र का संचालन जनपद की 78 ग्राम पंचायतों में से 60 पंचायतों में प्रारंभ हो चुका है। उन्होंने बताया कि पेंशन एवं सार्वजनिक वितरण प्रणाली के अंतर्गत राशन वितरण व्यवस्था पर निरंतर निगरानी रखी जा रही है, जिससे कोई भी पात्र हितग्राही वंचित न रहे। लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के अधिकारियों ने बताया कि ग्राम पंचायत रजनी एवं किशोरनगर में नल से जल प्रदाय व्यवस्था पूर्ण रूप से संचालित हो रही है, जबकि शेष ग्राम पंचायतों में कार्य को शीघ्र पूर्ण करने के प्रयास किए जा रहे हैं। वहीं वन विभाग की समीक्षा के दौरान यूकेलिप्टस की आड़ में अन्य इमारती लकड़ी की अवैध ढुलाई पर कड़ी आपत्ति जताते हुए सांसद ने संबंधित वन मंडलाधिकारी को प्रकरण की गंभीर जांच कर दोषियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई के निर्देश दिए। बैठक में अजजा मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष सत्यनारायण सिंह, जनपद उपाध्यक्ष राजीव प्रताप सिंह, मंडल अध्यक्ष सुनील साहू, राजेश्वर तिवारी, एसडीएम चांदनी कंवर, तहसीलदार उमेश कुशवाहा, शिवनारायण राठिया, प्रियंका टोप्पो, बीईओ फूलसाय , बीआरसी सुरेंद्र दुबे, एबीईओ घनश्याम सिंह, थाना प्रभारी नसीमउद्दीन अंसारी, बीएमओ डॉ. राकेश सिंह, ओपी तिवारी, अमित ताम्रकार व अन्य उपस्थित रहे।

सरगुजा मार्केट

छत्तीसगढ़ के सुप्रसिद्ध एवं सीनियर
मूत्र रोग विशेषज्ञ परामर्श एवं ऑपरेशन हेतु
डॉ.फिरदौसी हॉस्पिटल में उपलब्ध रहेंगे
उपलब्ध सुविधाएं
दिनांक 19 दिसंबर 2025 दिन - शुक्रवार
• पथरी, प्रोस्टेट, पेशाब का ना होना
• गुर्दे व पेशाब के नली में पथरी।
• प्रोस्टेट बढ़ जाना।
• पेशाब के रास्ते का छोटा होना।
• किडनी, पेशाब थैली, अण्डकोष प्रॉस्टेट कैंसर
डॉ.राहुल कपूर (Laparoscopy Uresurgeon)
अग्रिम रजिस्ट्रेशन अनिवार्य है (O.P.D.) 8225888500 7240802000
दूरबीन पद्धति से मूत्र रोग बीमारियों की जांच एवं ऑपरेशन की सुविधा उपलब्ध
डॉ.फिरदौसी हॉस्पिटल MULTI SPECIALITY SURGICAL HOSPITAL
खरसिया नाका अम्बिकापुर (जिला - सरगुजा)

बर्न, प्लास्टिक एवं कॉस्मेटिक सर्जरी विशेषज्ञ
डॉ.रौनक कलवानी
M.ch, MS, ATLS, M.B.B.S
प्लास्टिक, कॉस्मेटिक एवं माइक्रोसर्जन
विशेषज्ञता - हेयर ट्रांसप्लांट, लिपोसक्शन एवं माइक्रो सर्जरी
दिनांक - 03 जनवरी, 2026, शनिवार
समय - सुबह 9 बजे से शाम 4 बजे तक
संजीवनी कैंसर केयर हॉस्पिटल, रायपुर के वरिष्ठ और अनुभवी विशेषज्ञ
डॉ.विकास अग्रवाल
Laparoscopic and Organ Preserving Surgeries
MBBS, DRNB, PDF, FMAS, FISCP, MNAMS
दिनांक - 03 जनवरी, 2026, शनिवार
समय - सुबह 9 बजे से 12 बजे तक
डॉ.फिरदौसी हॉस्पिटल MULTI SPECIALITY SURGICAL HOSPITAL
7869900888 (O.P.D.) 8225888500 (Hospital), 7240802000

आप परेशान क्यों हैं ?
वारसी शिफा
खाना रूहानी जड़ी-बूटी द्वारा ईलाज
अगर दवा काम नहीं करती तो आज ही मिलिए हकीमुल्क जनाब वारसी साहब के साहबजादे से अपने वालिद से 35 वर्षों का अनुभव प्राप्त कर कई सालों से सेवा देते आ रहे है अनेक बे औलादों को औलाद प्राप्त हुई किसी भी साया का बुरा असर भुत-प्रेत, पति-पत्नी के झगड़े, मोहब्बत, दिमागी परेशानी, कारोबार में बरकत के लिए, गर्भ न ठहरना, नामर्दगी, रूहानी एवं जड़ी-बूटी द्वारा
बीमारीयों से छुटकारा पाने के लिए मिलिए।
परामर्श शुल्क मात्र 500 रु.
मिलने का समयः- सुबह 09 बजे से 11 बजे तक
पता - वारसी मंजिल, महामाया प्रवेश द्वार, शहीद अब्दुल हमीद चौक वारसी नगर रिंग रोड अम्बिकापुर, जिला- सरगुजा (छ.ग.)
मो. 9753266386

गुप्त रोग का 100% शर्तिया ईलाज
गुप्त रोग, नामर्दी, नपुंसकता, शीघ्रपतन, स्वप्नदोष, धातु गिरना, जलन, छोटापन, टेढ़ापन, सिफलिस गनौरिया सभी प्रकार के गुप्त रोगों की आयुर्वेदिक दवा द्वारा शर्तिया ईलाज किया जाता है ।
लिंग वर्धक यंत्र भी उपलब्ध
बिना आपरेशन के अण्डकोष, बवासीर, भगंदर का गारंटी के साथ आयुर्वेदिक दवा द्वारा ईलाज
25 साल से स्थायी
संपर्क - विश्वास औषधालय
बिलासपुर रोड, लक्ष्मीपुर शास.स्कूल के पास अम्बिकापुर- मोबा. 7898942870
समय- सुबह 8 बजे से रात्रि 8 बजे तक

डॉ.संदीप गुप्ता शहर के बेस्ट डॉक्टर्स की टीम के साथ
MBBS, DCH(Mumbai)
नवजात शिशु एवं बाल्य रोग विशेषज्ञ
चिकित्सक - वाडिया चिल्ड्रन हॉस्पिटल, मुंबई
20 बेड का अत्याधुनिक उपकरणों से लैस हॉस्पिटल
ICU NICU ऑपरेशन थियेटर जनरल वार्ड
उपलब्ध सुविधाएं
• पैथोलॉजी लैब, फार्मेसी • प्राइवेट वार्ड
• क्रिटिकल केयर यूनिट • अत्याधुनिक ऑपरेशन थियेटर • जनरल वार्ड
नार्मल, सिजेरियन डिलेवरी, बच्चेदानी का ऑपरेशन, हार्निया हाइड्रोसिल, पथरी एवं समस्त प्रकार के ऑपरेशन की सुविधा
यशोदा मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल
खरसिया नाका, भारत माता चौक, रिंग रोड श्री लक्ष्मी हॉटल के पास अम्बिकापुर
अधिक जानकारी एवं पंजीयन हेतु संपर्क करें।
07774-319760, 8602490055, 6263860055

रायपुर के सुप्रसिद्ध मस्तिष्क रोग विशेषज्ञ
डॉ.आशु जैन
MBBS, M.S., M.ch Neurologist
दिनांक 4 जनवरी, दिन रविवार
एसआरएस हॉस्पिटल 10 बजे से 2 बजे तक
सीटी हॉस्पिटल नमनाकला, अम्बिकापुर 12 बजे से 1 बजे तक
गायत्री हॉस्पिटल 3 बजे से 7 बजे तक

तेज डायग्नोस्टिक / ब्लड बैंक (सेंटर)
माता राजरानी मेमोरियल MRM हॉस्पिटल
बाबूपारा,जोड़ा तालाब के सामने अम्बिकापुर
मस्तिष्क एवं नस रोग विशेषज्ञ डॉ.मनीष चौरसिया M.S.(General Surgery) M.Ch.(Neuro Surgery)
सुप्रसिद्ध मानसिक रोग विशेषज्ञ डॉ.गौरी शंकर सिंह MBBS (AFMC) MD (Psychiatry) BHU
सुप्रसिद्ध गठिया रोग विशेषज्ञ डॉ.बी.बी.कुमार MBBS,MD (Medicine) FLPM,Fellowship in Rheumatology
सुप्रसिद्ध पेट एवं आंत रोग विशेषज्ञ डॉ.आकाश गर्ग MBBS,DNB (MEDICINE)
BLOOD BANK CENTER
1.5 TESLA MRI
डॉक्टर्स हाउस @ सरगुजा
माता राजरानी मेमोरियल MRM हॉस्पिटल द्वारा
रानी तालाब के सामने, जिला हॉस्पिटल रोड़ अम्बिकापुर
ब्रेन एंजियोग्राफी एंड एंजियोप्लास्टी विशेषज्ञ डॉ.सौरभ जैन MD,DM,(Neurology)FNB (Neurologist)
मनोरोग,नशामुक्ति व सेक्सोलॉजिस्ट डॉ.निशांत कुमार साहू एम.बी.बी.एस., एम.डी. (मनोरोग)
DIGITAL X-RAY
04 जनवरी 2026, माह के प्रथम रविवार
अग्रिम पंजीयन हेतु संपर्क करें
07774222555,9425583780,9826183780, 8224007799,8718003300,6262639090
आयुष्मान योजना द्वारा भर्ती, सर्जरी, उपचार एवं जाँच की सुविधा उपलब्ध

TOP IN SURGUJA
आपके शहर अम्बिकापुर में सुप्रसिद्ध स्त्री रोग विशेषज्ञ
डॉ.प्रज्ञा ओझा
MBBS, DGO (OBS & GYN)
गायत्री हॉस्पिटल
MULTISPECIALTY HOSPITAL
CREATING HEALTHY TOMORROW
CGHS से मान्यता प्राप्त
बनारस रोड, पी.जी. कॉलेज मैदान के सामने, अम्बिकापुर (छ.ग.)
9424250281 | 8120906000 | 8120809000
कम खर्चे में ईलाज सर्वसुविधा युक्त के साथ ईलाज
स्त्री रोग से संबंधित सभी समस्याएं व उपचार
• गर्भावस्था की सम्पूर्ण जाँच
• प्रसूति (नार्मल वाम सिजेरियन) बांझपन का जाँच एवं ऑपरेशन
• बच्चेदानी निकालने का ऑपरेशन (चीरा रहित एवं दूरबीन पद्धति द्वारा)
• मोनोपॉज (रजोनिवृत्ति संबधित बीमारियों का इलाज)
• मासिक संबंधित बीमारियों का इलाज
• स्तन की गांठ, कैंसर का ऑपरेशन
• बच्चेदानी के कैंसर का ईलाज

## खबर संक्षेप

### भाजपा नीति मंच अल्पसंख्यक मोर्चा के इजराइल बने राष्ट्रीय मंत्री



**बिश्रामपुर।** भाजपा नीति मंच के राष्ट्रीय संरक्षक रामकृष्ण भार्गव एवं उत्तर प्रदेश विधायक मिश्रिख के निर्देश पर मंच के राष्ट्रीय अध्यक्ष फत्तेउद्दीन खान कादरी की सहमति से राष्ट्रीय संगठन महामंत्री हर्ष माहेश्वरी द्वारा ग्राम जयनगर निवासी मो. इसराईल को भाजपा नीति मंच अल्पसंख्यक मोर्चा संगठन में राष्ट्रीय मंत्री का दायित्व सौंपा गया है। उक्त नियुक्ति से संगठन कार्यकर्ताओं में हर्ष व्याप्त है।

### आबकारी टीम ने शराब बिक्री कर रहे युवक को पकड़ा, भेजा जेल

**सूरजपुर।** प्रतापपुर क्षेत्र में गश्त कर रहे आबकारी टीम को उस समय बड़ी सफलता हाथ लगी जब टीम ने मुखबिर की सूचना पर अवैध रूप से अंग्रेजी शराब



बिक्री कर रहे युवक को पकड़ा। टीम ने युवक के पास से भारी मात्रा में अंग्रेजी शराब जब्त किया। आरोपी को न्यायालय पेश किया गया जहां से उसे जेल भेज दिया गया है। जानकारी के अनुसार प्रतापपुर प्रभारी आबकारी उप निरीक्षक प्रदीप वर्मा गत दिन की टीम के साथ क्षेत्र में गश्त कर रहे थे। इसी दौरान मुखबिर से सूचना मिली कि रेवटी पुलिस चौकी अंतर्गत ग्राम गोविंदपुर निवासी सुनील कुशवाहा आ. रमेश कुशवाहा (22 वर्ष) अपने पास भारी मात्रा में अंग्रेजी शराब रखकर अवैध रूप से बिक्री कर रहा है। सूचना पर टीम ने दबिश देकर उसके पास से कुल 24.3 लीटर अंग्रेजी शराब बरामद किया। टीम ने शराब को जब्त कर आरोपी के विरूद्ध धारा 34(1)क, 34(2), 36, 59(क) के तहत अपराध दर्ज कर न्यायालय पेश किया जहां से उसे जेल भेज दिया गया है। कार्रवाई प्रदीप वर्मा आबकारी उप निरीक्षक द्वारा की गई। कार्रवाई में आबकारी उप निरीक्षक वीरेंद्र रात्रे, पारसनाथ गुप्ता, मेवालाल सोनवानी, दिनेश दुबे, आरक्षक कमलेश्वर राजवाडे, महिला नगर सैनिक देवेन्द कुमारी, जमुना एक्का , रूप नारायण साहू एवं वाहन चालक प्रमोद साहू, योगेंद्र पांडे सक्रिय रहे।

### सूने मकान में चोरों का धावा, पार किए नगदी समेत चार लाख के जेवर

**शंकरगढ़।** ग्राम बचवार भदरापारा स्थित एक सूने मकान में चोरों ने न सिर्फ धावा बोला बल्कि दरवाजा एवं दो अलमारी का लॉकर को तोड़ नगदी समेत 4 लाख कीमत के जेवर को पार कर दिया। रिपोर्ट पर पुलिस ने अपराध दर्ज किया है। जानकारी के अनुसार ग्राम बचवार भदरापारा निवासी अर्पण कुमार उरांव आ. जगेश्वर राम (42 वर्ष) 31 दिसंबर की सुबह पत्नी रंजीता के साथ ड्यूटी करने स्कूल गए थे। दोपहर में अर्पण घर आया और फिर घर को बंद कर वापस चला गया। शाम को जब दोनों वापस घर लौटे तो उनके होश उड़ गए। घर के दरवाजा का ताला टूटा और कमरे में रखे दो अलमारी का लॉकर टूटा हुआ था। मकान मालिक जब अलमारी में रखे सामान का मिलान किया तो पता चला कि अलमारी में रखे नगद तीन हजार रूपए के अलावा लगभग 4 लाख कीमत के सोने-चांदी के जेवरात व दो सीसीटीवी कैमरा गायब थे। रिपोर्ट पर पुलिस ने अज्ञात के विरूद्ध धारा 305, 331(3) के तहत अपराध दर्ज कर तलाश शुरू कर दी है।

## आदिवासी समुदाय के गोत्र चिन्हों की दी जाएगी जानकारी

# वन्य जीवों का अवैध शिकार रोकने वन विभाग ग्रामीण क्षेत्रों में चलाएगा जागरूकता कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

वन्य जीवों के अवैध शिकार की लगातार बढ़ रही घटनाएं वन विभाग के लिए बड़ी चुनौती बन गई है। ऐसी घटनाओं को रोकने में नाकाम विभाग ने अब आदिवासी समाज की पुरातन धार्मिक मान्यताओं का सहारा लेने की योजना बनाई है। विभाग आदिवासी समाज की धार्मिक एवं पारम्परिक मान्यता से समाज को अवगत कराने के साथ ही समाज प्रमुखों एवं बैगागुनिया के सहयोग से जन जागरूकता अभियान चलाने का निर्णय लिया है।

**खास बात**

- अपने गोत्र-चिन्हों का संरक्षण करने किया जाएगा प्रेरित

वन्य जीवों के अवैध शिकार की घटनाएं लगातार बढ़ रही है। पूर्व में लोग वन्यजीवों का शिकार तीर एवं घेराबंदी के माध्यम से करते थे। इस कार्य में अनेक लोगों के शामिल होने के कारण मामला सामने आ जाता था तथा आरोपी आसानी से पकड़ लिए जाते थे। पहले शिकार की घटनाएं भी कम होती थी। पिछले एक दशक से शिकार के लिए ग्रामीण करंट का फंदा लगा रहे हैं जिससे जंगली सुअर के साथ ही अन्य वन्य जीव तेजी से शिकार बन रहे हैं। करंट के फंदे के संपर्क में आने से हाथी एवं बाघ जैसे वन्य जीव भी शिकार बन रहे हैं। करंट के फंदे के संपर्क में आने से अब तक एक दर्जन से अधिक हाथियों की मौत हो चुकी है। एक पखवाड़े पूर्व ग्रामीणों द्वारा भैंसा मुंडा के जंगल में जंगली सुअर के शिकार के लिए लगाए गए करंट के फंदे में फंसने से एक बाघ की मौत हो गई थी। वन अमला अवैध शिकार की घटनाओं को रोकने में सफल नहीं हो पा रहा है न ही विभाग द्वारा ही इसके लिए कोई कारगर पहल की जा रही है। ऐसी स्थिति में विभाग ने आदिवासी समाज की धार्मिक मान्यताओं, उनकी परम्परा, कुल-गोत्र, बैगा-गुनिया एवं समाज प्रमुखों की मदद से आदिवासियों को जागरूक करने की योजना बनाई है। आदिवासी समाज प्रारंभ से ही प्रकृति से जुड़ा है तथा इस समाज ने प्रकृति के संरक्षक की भूमिका निभाई है। आदिवासी समाज के कुल-गोत्र भी पेड़-पौधों, वन्य जीवों एवं पक्षियों के नाम पर निर्धारित किए गए है। पुरानी पीढ़ी अपने कुल-गोत्र से संबंधित वन्य जीवों, पेड़-पौधों एवं पक्षियों का संरक्षण करती थी। नई पीढ़ी समाज की प्राचीन परंपराओं की अवहेलना कर तेजी से प्राकृतिक संपदा को नष्ट कर रही है। विभाग ने आदिवासी समाज की इन प्राचीन परम्पराओं का सहारा लेकर बेखौफ चल रहे वन्य जीवों के शिकार एवं अवैध कटाई पर रोक लगाने के लिए लोगों को जागरूक करने का निर्णय लिया है।



फाइल फोटो

### गोत्र चिन्हों का करते हैं संरक्षण

आदिवासी समाज की सामाजिक संरचना में गोत्र एवं गोत्र चिन्हों की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। जानकारों का कहना है आदिवासी समुदाय क गोत्र के अलग-अलग चिन्ह निर्धारित हैं। ये सभी गोत्र चिन्ह वन्य जीव, पशु-पक्षियों, पेड़ों की विभिन्न प्रजाति सहित अन्य प्राकृतिक वस्तुओं के रूप में है। गोत्र-चिन्ह के रूप में प्राकृतिक वस्तुओं, वन्य जीवों एवं पेड़-पौधों का चिन्हांकन ही उनके प्राकृतिक प्रेम एवं साहचर्य का द्योतक है। आदिवासी समाज के लोग अपने गोत्र चिन्हों का संरक्षण करते हैं। वन अधिकारियों का मानना है कि इसकी जानकारी समाज के लोगों तक पहुंचाने से उनमें जागरूकता बढ़ेगी तथा वे अपने गोत्र चिन्ह एवं प्रतीकों की सुरक्षा के लिए आगे आएंगे।

### 20 से अधिक ग्रामीणों की मौत

वन्यजीवों के शिकार के लिए लगाए गए करंट के फंदे से लगातार वन्य जीवों की मौत तो हो रही है क्षेत्र के ग्रामीण भी फंदे के संपर्क में आकर लगातार अपनी जान गवां रहे हैं। करंट के फंदे के संपर्क में आने से अब तक 20 से अधिक ग्रामीणों की मौत हो चुकी है। जंगल के रास्ते आवागमन करने के दौरान ग्रामीण करंट के फंदे के संपर्क में आ जाते हैं। बलरामपुर वनमण्डल में करंट के फंदे के संपर्क में आने से सर्वाधिक मौतें हुई है।

### चल रहा अभियान

आदिवासी समाज के गोत्र चिन्ह वन्य जीव, पेड़-पौधों आदि के नाम पर निर्धारित है। समाज के लोग अपने गोत्र चिन्हों का संरक्षण करते हैं। विभाग द्वारा आदिवासी समाज को जागरूक करने के उद्देश्य से विभाग द्वारा बैगा, गुनिया एवं समाज प्रमुखों की मदद से इस तरह का जागरूकता अभियान प्रारंभ किया गया है सभी वन मंडलों में जागरूकता अभियान चलाने के निर्देश दिए गए हैं ।

-अरूण पाण्डेय, पीसीसीएफ



## 24 कुंडीय राष्ट्र शौर्य समृद्धि गायत्री महायज्ञ की तैयारियां जोरों पर

हरिभूमि न्यूज ⏭ भैयाथान

मंगल भवन 5 जनवरी से 24 कुंडीय विशाल राष्ट्र शौर्य समृद्धि गायत्री महायज्ञ का आयोजन किया जा रहा है। इस महायज्ञ की औपचारिक शुरुआत 26 दिसंबर को शांतिकुंज हरिद्वार से पधारे आचार्यों द्वारा विधिवत भूमि पूजन के साथ हो चुकी है।

- 5 जनवरी को भव्य कलश यात्रा से होगा महायज्ञ का शुभारंभ

आयोजन समिति के अनुसार महायज्ञ का शुभारंभ 5 जनवरी को भव्य कलश शोभायात्रा के साथ किया जाएगा, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के शामिल होने की संभावना है। यह यज्ञ राष्ट्र के कल्याण, शौर्य एवं समृद्धि के साथ-साथ पूरे क्षेत्र की सुख-शांति और उन्नति की कामना के उद्देश्य से आयोजित किया जा रहा है। गायत्री परिवार द्वारा क्षेत्र के समस्त लोगों एवं गायत्री परिवार के परिजन से सपरिवार, इष्ट-मित्रों सहित अधिक से अधिक संख्या में पधारकर पुण्य लाभ अर्जित करने की कहा है। आयोजन को लेकर क्षेत्र में धार्मिक उत्साह का माहौल है। यज्ञ स्थल पर तैयारियां जोर-शोर से चल रही हैं। मंडप निर्माण, यज्ञ वेदी, आवास एवं अन्य व्यवस्थाओं को अंतिम रूप दिया जा रहा है। आयोजन की तैयारियों में राजेंद्र अग्रवाल, घनश्यामदास अग्रवाल, शंभु नारायण देवांगन, राकेश कुशवाहा, प्रमिला गुप्ता, सरोज गुप्ता, संगीता गुप्ता, काजल गुप्ता एवं रैना गुप्ता सहित कई कार्यकर्ता सक्रिय है।




## बेटी के साथ मिलकर पति ने की पत्नी की हत्या, बेटी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

पत्नी के शराब पीने से परेशान होकर पति ने बेटी के साथ मिलकर पत्नी की इस कदर लाठी-डंडे से पिटाई किया कि पत्नी की अस्पताल ले जाते समय ही मौत गई। इधर मर्ग जांच के दौरान कोतवाली पुलिस ने आरोपी बेटी को गिरफ्तार कर लिया जबकि पति की तलाश की जा रही है।

पुलिस के मुताबिक शहर के घुटरापारा निवासी दुर्गा हरि पति धन्नू हरि (45 वर्ष) 29 दिसंबर की रात कहीं से घूम कर घर आई तो पति व बेटी सोना मति ने शराब के नशे में आए दिन इधर-उधर चले जाने की बात को लेकर दुर्गा हरि की लाठी-डंडे से जानलेवा हमला कर दिया जिससे मारपीट से महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। घटना के दूसरे दिन महिला की हालत नाजुक हो जाने पर परिजन उसे शहर के निजी अस्पताल लेकर पहुंचे जहां चिकित्सकों ने जांच उपरांत उसे मृत घोषित कर दिया। मामले में पुलिस ने मर्ग कायम करने के पश्चात जांच शुरू की। मर्ग जांच के दौरान आज मृतिका की मां मधु चौधरी ने पुलिस को बताया कि घटना के एक सप्ताह पूर्व धन्नू हरि का फोन आया कि दुर्गा आए दिन शराब पीकर घूमती रहती है जिससे उसे अब अपने पास नहीं रख सकते और ले जाने की बात कही। मां ने भी उसे पहुंचाने की बात कही। इसी बीच दुर्गा कहीं चली गई और जब 29 दिसंबर को घर लौटी तो उसके साथ मारपीट किया गया जिससे उसकी मौत हो गई। मामले में पुलिस ने आरोपी बेटी को गिरफ्तार किया है जबकि आरोपी पति की तलाश की जा रही है।

## पीएमजीएसवाई के तहत 117 किमी सड़कों की स्वीकृति, 102 करोड़ से बदलेगा क्षेत्र का चेहरा

हरिभूमि न्यूज ⏭ प्रतापपुर

विधानसभा क्षेत्र में विकास को लेकर लंबे समय से चली आ रही अपेक्षाओं को अब ठोस आकार मिलता नजर आ रहा है। प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के चौथे चरण, बैच-1 के अंतर्गत विधानसभा क्षेत्र की विधायक श्रीमती शकुंतला सिंह पोर्ते के प्रयासों से 35 नई सड़कों की स्वीकृति मिली है। कुल 117.02 किलोमीटर लंबाई वाली इन सड़कों पर लगभग 102 करोड़ 4 लाख रुपये की लागत आएगी। यह सिर्फ सड़क निर्माण की स्वीकृति नहीं, बल्कि प्रतापपुर के ग्रामीण अंचलों को मुख्यधारा से जोड़ने की दिशा में एक निर्णायक कदम माना जा रहा है।



जिले के वाड्रफनगर विकासखंड से लेकर सूरजपुर जिले के प्रतापपुर ब्लॉक तक के सैकड़ों गांव और बस्तियां लाभान्वित होंगी। वर्षों से कच्चे रास्तों, कीचड़ और आवागमन की कठिनाइयों से जूझ रहे ग्रामीणों के लिए अब पक्की सड़कें शिक्षा, स्वास्थ्य, व्यापार और रोजगार के नए अवसर खोलेंगी। हर सड़क के साथ एक-एक बस्ती को जोड़ने की योजना इस बात का प्रमाण है कि विकास को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने की सोच के साथ यह प्रस्ताव तैयार किया गया है। विधायक शकुंतला सिंह पोर्ते को क्षेत्र में एक सक्रिय, संवेदनशील और जमीन से जुड़ी जनप्रतिनिधि के रूप में जाना जाता है। सड़क, पुल-पुलिया, बिजली, पानी और अन्य मूलभूत सुविधाओं को लेकर उनका निरंतर फोकस अब धरातल पर परिणाम देता दिखाई दे रहा है। प्रतापपुर विधानसभा में करोड़ों की लागत से चल रहे विकास कार्यों को लेकर लोगों में उत्साह है। इन 35 सड़कों में दूरस्थ वनांचल और आदिवासी बहुल क्षेत्रों को विशेष प्राथमिकता दी गई है। कई ऐसे मार्ग हैं, जो बरसात के दिनों में पूरी तरह अवरुद्ध हो जाते थे और ग्रामीणों को पैदल या बैलगाड़ी से सफर करने को मजबूर होना पड़ता था।

अब इन मार्गों के पक्के होने से स्कूल जाने वाले बच्चों, मरीजों, किसानों और व्यापारियों को बड़ी राहत मिलेगी। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णु देव साय, उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा और केंद्र सरकार के सहयोग से संभव हो पाया है।

## परीक्षा पूर्व प्रश्न पत्र की उपलब्धता केंद्राध्यक्ष की जिम्मेदारी : डॉ. त्रिपाठी

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

शासकीय महाविद्यालय बिश्रामपुर में दो दिन पूर्व बीकॉम तृतीय सेमेस्टर की परीक्षा में प्रश्नपत्र विलम्ब से पहुंचने के मामले में विवि प्रबंधन ने कॉलेज के प्रभारी प्राचार्य को दोषी माना है तथा मामले में प्रभारी प्राचार्य को पत्र लिखने के साथ ही उपस्थिति से उच्चाधिकारियों को अवगत कराया है।

- कॉलेज प्रबंधन ने मानव संसाधन प्रबंधन विषय की परीक्षा के प्रश्न पत्र संबंधी नहीं दी थी सूचना

एसजीजीयू के कुलसचिव डा.एसपी त्रिपाठी ने बताया कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति के तहत अनेक विषयों की स्वीकृति प्रदान की गई है। विद्यार्थी अपनी सुविधा के अनुसार परीक्षा के विषयों का चयन करते हैं। विवि द्वारा प्राचार्यों को किसी भी विषय के 10 परीक्षार्थी होने की सीमा निर्धारित की गई है ताकि प्रश्नपत्रों की व्यवस्था में सहूलियत हो। विवि द्वारा हर कॉलेज में केन्द्राध्यक्ष, सहायक केन्द्राध्यक्ष एवं दो सहायकों की नियुक्ति की गई है। इन्हें नियमानुसार राशि का भी भुगतान किया जा रहा है। केन्द्राध्यक्ष एवं सहायक केन्द्राध्यक्ष की जिम्मेदारी है कि परीक्षा पूर्व वे प्रश्नपत्र उपलब्धता की जानकारी ले तथा समस्या होने पर विवि प्रबंधन को समय पूर्व सूचना दें। शासकीय महाविद्यालय में 1 जनवरी को बीकॉम तृतीय सेमेस्टर की मानव संसाधन प्रबंधन विषय की परीक्षा थी। दूरस्थ क्षेत्र के अन्य शासकीय कॉलेजों के केन्द्राध्यक्षों ने समय पूर्व प्रश्न पत्र नहीं पहुंचने की सूचना दी। सूचना पर विवि प्रबंधन द्वारा तत्काल प्रश्न पत्र उपलब्ध कराने की व्यवस्था की गई। इसके विपरीत शासकीय महाविद्यालय बिश्रामपुर के केंद्राध्यक्ष ने इस संबंध में कोई सूचना नहीं दी जिससे परीक्षार्थियों को समस्या हुई। उन्होंने बताया कि इस संबंध में प्रभारी प्राचार्य को पत्र लिखने के साथ ही उच्चाधिकारियों को अवगत कराया गया है।

## घर का ताला तोड़ चोर ले उड़े 2 लाख से अधिक के जेवर

**अम्बिकापुर।** सूने मकान का ताला तोड़ चोरों ने नगदी सहित लगभग 2 लाख 90 हजार कीमत के जेवर को चोरी कर ले गए। मकान मालिक ने घटना की रिपोर्ट पुलिस चौकी बसदेई में दर्ज कराई है। रिपोर्ट पर पुलिस ने अज्ञात के विरूद्ध अपराध दर्ज किया है।

जानकारी के अनुसार पुलिस चौकी बसदेई अंतर्गत ग्राम सोनपुर महुआरी पारा निवासी अब्दुल कयुम अली आ. मो. अयुब अली (40 वर्ष) ने पुलिस चौकी में रिपोर्ट दर्ज कराया गया है कि 26 दिसंबर की सुबह दादी की मृत्यु हो जाने पर घर में ताला लगाकर परिवार के साथ महगांवा गए थे। 31 दिसंबर की शाम 5 बजे भाभी हसीना ने फोन कर बताया कि घर का ताला टूटा है। सूचना पर जब मकान मालिक घर पहुंचा तो देखा दरवाजा का ताला टूटा तथा कमरे में सामान बिखरे हुए थे। मकान मालिक के मुताबिक चोरों ने अलमारी में रखे नगर 15 हजार रुपए के अलावा लगभग 2 लाख 90 हजार 290 रुपए कीमत के सोने चांदी के जेवरात गायब थे। रिपोर्ट पर पुलिस ने अज्ञात के विरूद्ध धारा 305(ए), 331(4) के तहत अपराध दर्ज कर तलाश शुरू कर दी है।

## ट्रांसफार्मर पर चढ़कर युवती ने छू लिया तार, मौत

**अंबिकापुर।** ट्रान्सफार्मर पर चढ़कर हाईटेंशन तार छूने से युवती की मौत हो गई। युवती मानसिक रूप से कमजोर थी। घटना बलरामपुर जिले के कुसमी थाना क्षेत्र की है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार थाना अंतर्गत ग्राम सेमराताला निवासी अमृता पैकरा आ. बिशुन पैकरा पिछले कुछ दिनों से मानसिक रूप से अस्वस्थ चल रही थी और परिजन उसका उपचार करा रहे थे। इस दौरान शुक्रवार की सुबह 9 बजे युवती अचानक ही घर से निकल गई और लगभग 60 मीटर दूर स्थित ट्रांसफार्मर के पास पहुंच गई। इसी बीच युवती का चचेरा भाई भी किसी काम से बाड़ी की तरफ जा रहा था जिसने अमृता को ट्रांसफार्मर पर चढ़ते हुए देखा लेकिन इससे पहले की वह शोर मचा पाता बालिका ने ट्रांसफार्मर के हाईटेंशन तार को छू लिया जिससे वह जमीन पर गिर गई। घटना के बाद मौके पर पहुंचकर युवती को उठाया और घर लेकर जाने लगा लेकिन रास्ते में ही उसकी मौत हो गई। पुलिस ने मामले में मर्ग कायम कर लाश को पीएम उपरान्त परिजन के सुपुर्द कर दिया है।

### सांप काटने से गंभीर युवक की मौत

बलरामपुर जिले के कुसमी थाना क्षेत्र में सर्पदंश से युवक की मौत हो गई। बताया जा रहा है कि ग्राम कोटालो निवासी 35 वर्षीय गुलचन आ. जीतू राम 1 जनवरी की रात 10 बजे घर से बाहर शौच के लिए गया हुआ था इस दौरान उसे सांप ने काट लिया। सर्प दंश से युवक की हालत गंभीर हो गई और देर रात युवक की मौत हो गई। मामले में पुलिस ने मर्ग कायम कर शव को पीएम उपरान्त परिजन के सुपुर्द कर दिया है।

## स्थाई प्रतीक्षा सूची से 4668 अपात्र हितग्राहियों के नाम होंगे विलोपित

**बलरामपुर।** पीएम आवास के अपात्र हितग्राहियों के नाम अब सूची से विलोपित किए जाएंगे। नामों के विलोपन हेतु शासन द्वारा निर्देश जारी कर दिए गए है जिसके बाद काटे जाने वाले नामों की सूची जनपद पंचायतों में चस्पा कर दी गई है। अपात्र हितग्राहियों से नामों के विलोपन को लेकर दावा आपत्ति का समय 9 जनवरी निर्धारित किया गया है।

- जनपद पंचायतों में चस्पा की गई सूची, 9 जनवरी तक दावा आपत्ति

संचालनालय, प्रधानमंत्री आवास ग्रामीण योजना विकास के माध्यम से प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण अंतर्गत अपात्र हितग्राहियों के नाम विलोपन संबंधी मार्गदर्शिका प्रेषित की गई है। जिसके परिपालन में भारत सरकार द्वारा वित्तीय वर्ष 2024-26 हेतु प्राप्त लक्ष्य के अंतर्गत विभिन्न कारणों से अपात्र पाए गए हितग्राहियों के नामों के विलोपन की कार्यवाही की जानी है। जनपद पंचायतों से जनगणना 2011 सूची एवं आवास 10 आधारित स्थायी प्रतिक्षा सूची (पीडब्लूएल) से विभिन्न कारणों का उल्लेख करते हुए 4668 अपात्र हितग्राहियों का नाम विलोपन हेतु जिला पंचायत कार्यालय को उपलब्ध कराया गया है एवं हितग्राहियों का नाम आवास प्लस पोर्टल से विलोपन (रिमाण्ड) हेतु आवश्यक दस्तावेज अपलोड की जा रही है। जनपद पंचायत से प्राप्त सूची के अनुसार प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण अंतर्गत स्थायी प्रतिक्षा सूची




(पीडब्लूएल) से 4668 (बलरामपुर-917, कुसमी-988, राजपुर-532, रामचन्द्रपुर-825, शंकरगढ़-448, वाड्रफनगर-958) अपात्र हितग्राहियों का नाम संबंधित जनपद पंचायत के सूचना पटल पर प्रकाशित की गई है। नाम विलोपन हेतु 9 जनवरी तक दावा आपत्ति मंगवाई गई है। दावा आपत्ति प्राप्त नहीं होने की स्थिति में हितग्राहियों का नाम आवास प्लस पोर्टल से विलोपन (रिमाण्ड) की कार्यवाही पूर्ण कर ली जायेगी।

## अब तक नहीं सुलझा 49 हजार की रुपए उठाइगिरी का मामला

**बिश्रामपुर।** एनएच 43 स्थित महाप्रबंधक कार्यालय बिश्रामपुर के सामने शारदा जनरल स्टोर के बाहर पांच दिवस पूर्व हुए 49 हजार रुपये नगदी रकम की उठाईगिरी होने मामले में अब तक आरोपियों का किसी प्रकार का सुराग नहीं लग सका है,बिश्रामपुर पुलिस अलग अलग जगहों पर लगे सीसीटीवी फुटेज निकाल कर उसकी जांच कर रही है,लेकिन अभी तक पुलिस किसी निष्कर्ष तक नहीं पहुंच सकी है,बता दें कि ग्रामीण गौ सेवक का कार्य करने वाले युवक ग्राम राजापुर निवासी अमरनाथ सिंह गत 29 दिसंबर सोमवार को स्टेट बैंक बिश्रामपुर के अपने बचत खाते से 49 हजार रुपये नगदी आहरण कर शारदा जनरल स्टोर में किराना सामान लेने गया था,इस दौरान नगदी रकम व पासबुक सहित मवेशियों की दवा को बाइक के बैग में रखकर दुकान में सामान लेने गया था,इसी दौरान उसका बैंक से रेकी कर पीछा कर रहे बाइक सवार दो युवकों ने उसका नगदी से भरा बैग लेकर भाग निकले, पीड़ति युवक अमरनाथ ने बताया कि वह घर में काम लगे मजदूरों को वेतन देने रुपये आहरण किया था और वह कुछ किराना सामना लेने गया,इसी दौरान अज्ञात लोगों ने उसका बैग पार कर दिया।घटना के बाद दुकान में लगे सीसी टीवी में दो बाइक सवार युवक बैग उठाते दिखाई दे रहे हैं जो अंबिकापुर रोड की तरफ तेजी से भाग निकले,वारदात के बाद पीड़ति युवक अमरनाथ ने बिश्रामपुर थाना पहुंचकर मामले की रिपोर्ट दर्ज कराई है,फिलहाल पुलिस बैंक सहित किराना दुकान व अन्य स्थानों का सीसी टीवी फुटेज संग्रह कर उसका परीक्षण कर रही है।

- बिश्रामपुर पुलिस अलग अलग जगहों के सीसीटीवी फूटेज निकाल कर रही जांच

हरिभूमि नं. 1 आवश्यक सूचना
हरिभूमि
प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें
रिंग रोड चोपड़ापारा, काली मंदिर के पास उड़िया पण्डित काम्पलेक्स अम्बिकापुर मो. 9826154736

online Booking:-www.tripuryatra.com
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
स्लीपर मात्र 21,500/-
15 दिन
चार धाम यात्रा
श्री केदार नाथ, श्री बद्रीनाथ, श्री गंगोत्री
श्री यमुनोत्री, श्री हरिद्वार, श्री ऋषिकेश
श्री त्रियुगीनारायण, श्री तुगनाथ महादेव
18 अप्रैल, 01 मई, 04 मई, 07 मई, 10 मई, 16 मई,
22 मई, 25 मई, 28 मई, 02 जून, 06 जून, 15 जून 2026
राशि:-स्लीपर-21,500/-, 3 एसी- 29,500/-, 2 एसी- 35,500/- (+5%GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411